सहजानंद शास्त्रमाला

लघु कर्मस्थान चर्चा

रचयिता

अध्यात्मयोगी, न्यायतीर्थ, सिद्धान्तन्यायसाहित्यशास्त्री

पूज्य श्री क्षु० मनोहरजी वर्णी "सहजानन्द" महाराज

प्रकाशक

श्री सहजानंद शास्त्रमाला, मेरठ

एवं

श्री माणकचंद हीरालाल दिगम्बर जैन पारमार्थिक न्यास

गांधीनगर, इन्दौर

Online Version : 001

लघु कर्मस्थान चर्चा

अध्यात्म योगी
पूज्य गुरुवर श्री मनोहर जी
वर्णी "सहजानन्द" जी महाराज

भारतवर्षीय दि० जैन आत्मविज्ञान परीक्षा बोर्ड

ॐ नमः सिद्धेभ्यः

अध्यात्मयोगी न्यायतीर्थ पूज्य श्री १०५ क्षु० मनोहर जी वर्णी
सहजानन्द महाराज द्वारा विरचित

लघु कर्म स्थान चर्चा

कर्मस्थानचर्चामें वर्णनीय कर्मप्रकृतियोंका संक्षिप्त निर्देशन—

कर्म :—जीवके रागादि विभावोंका निमित्त पाकर कर्मरूपसे परिणत हुए बद्ध कार्माण वर्गणाओंको कर्म कहते हैं।

कर्म मूलमें २ प्रकारके हैं—(१) घातिया कर्म (२) अघातिया कर्म।

(१) घातिया कर्म :—जो कर्म आत्माके ज्ञानादि अनुजीवीगुणों के घातनेमें निमित्त हो उन्हे घातिया कर्म कहते हैं।

अनुजीवी गुण :—भावात्मक गुणोंको अनुजीवी गुण कहते हैं। इन गुणोंके अविभाग प्रतिच्छेद होते हैं। ये गुण कम या अधिक नाना प्रकारके स्थानोंमें विकसित हो सकते हैं। जैसे :—ज्ञान, दर्शन, सम्यक्त्व, चारित्र, शक्ति।

(२) अघातिया कर्म :—जो कर्म जीवके अनुजीवी गुणोंका तो घात न करें और केवल प्रतिजीवी गुणोंका विकास रुकने में निमित्त हों उन्हे अघातिया कर्म कहते हैं।

प्रतिजीवी गुण :—अभावात्मक धर्मोंको प्रतिजीवी गुण कहते हैं। इन गुणोंके अविभाग प्रतिच्छेद नहीं होते। जैसे—अगुरुलघुत्व, सूक्ष्मत्व, अवगाहना, अव्याबाध।

घातिया कर्मके भेद :—घातिया कर्मके चार भेद हैं। (१) ज्ञानावरण (२) दर्शनावरण (३) मोहनीय (४) अन्तराय।

ज्ञानावरण कर्म :—जो कर्म आत्माके ज्ञान गुणको प्रकट न होने दे अर्थात् ज्ञान गुणके अविकासमें जो निमित्त हो उसे ज्ञानावरण कर्म कहते हैं ज्ञानावरणकर्मके ५ प्रकार है :—(१) मतिज्ञानावरण (२) श्रुतज्ञानावरण (३) अवधिज्ञानावरण (४) मनःपर्ययज्ञानावरण (५) केवलज्ञानावरण ।

मतिज्ञानावरण कर्म :—जिस कर्मके उदयका निमित्त पाकर मतिज्ञान प्रकट न हो उसे मतिज्ञानावरण कर्म कहते हैं ।

श्रुतज्ञानावरण कर्म :—जो श्रुतज्ञानको प्रकट न होने दे उसे श्रुतज्ञानावरण कहते हैं ।

अवधिज्ञानावरण कर्म :—जो अवधिज्ञानका आवरण करे उस कर्म को अवधिज्ञानावरण कर्म कहते हैं ।

मनःपर्ययज्ञानावरण कर्म :—जो कर्म मनःपर्ययज्ञानको प्रकट न होने दे उसे मनःपर्ययज्ञानावरण कर्म कहते हैं ।

केवलज्ञानावरण कर्म :—जो कर्म केवलज्ञानको प्रकट न होने दे उसे केवलज्ञानावरण कर्म कहते हैं ।

दर्शनावरण कर्म :—जो आत्माके दर्शन गुणका विकास न होने दे उसे दर्शनावरण कर्म कहते हैं । दर्शनावरणके ९ भेद हैं—(१) चक्षुर्दर्शनावरण (२) अचक्षुर्दर्शनावरण (३) अवधिदर्शनावरण (४) केवलदर्शनावरण (५) निद्रा (६) निद्रानिद्रा (७) प्रचला (८) प्रचलाप्रचला (९) स्त्यानगृद्धि ।

चक्षुर्दर्शनावरण :—जो कर्म चक्षुदर्शनको न होने दे उसे चक्षुर्दर्शनावरण कर्म कहते हैं ।

अचक्षुर्दर्शनावरण :—जो कर्म अचक्षुदर्शन न होने दे उसे अचक्षुर्दर्शनावरण कर्म कहते हैं ।

अवधिदर्शनावरण :—जो कर्म अवधिदर्शन न होने दे उसे अवधिदर्शनावरण कहते हैं ।

केवलदर्शनावरण—जो कर्म केवलदर्शनको प्रकट न होने दे उसे केवलदर्शनावरण कर्म कहते हैं ।

निद्रा दर्शनावरण :–जिस कर्मके उदयसे साधारण नींद आवे जहां दर्शन अथवा स्वसवेदन न हो सके उस कर्मको निद्रादर्शनावरण कर्म कहते हैं।

निद्र निद्रा दर्शनावरण :—जिस कर्मके उदयसे गाढ़ निद्रा आवे, बीचमें जगकर भी पुन: सो जावे जिसमें दर्शन अथवा स्वसंवेदन न हो सके उसे निद्रानिद्रा दर्शनावरण कर्म कहते हैं।

प्रचला दर्शनावरण :–जिस कर्मके उदयसे अर्धनिद्रितसा सोवे जिस से दर्शनगुणका उपयोग न हो सके उसे प्रचला दर्शनावरण कर्म कहते हैं।

प्रचलाप्रचला दर्शनावरण :–जिस कर्मके उदयसे ऐसी निद्रा आवे जहां अंग-उपांग चले, दांत किटकिटाये, मुंहसे लार बहे आदि, जिससे दर्शनोपयोग न हो उसे प्रचलाप्रचला दर्शनावरण कर्म कहते हैं।

स्त्यानगृद्धि दर्शनावरण :—जिस कर्मके उदयसे ऐसी निद्रा आवे कि निद्रामें ही उठकर कोई बड़ा काम कर आवे और जागनेपर यह मालूम भी न हो उसे स्त्यानगृद्धि दर्शनावरण कर्म कहते हैं।

मोहनीय कर्म :–जिस कर्मके उदयसे अन्य तत्त्वोंमें मोहित हो जाय अपने शुद्ध स्वरूपका भान न कर सके और न स्वरूपमें स्थिर हो सके उसे मोहनीय कर्म कहते हैं। मोहनीय कर्मके मूलमें दो भेद हैं —(१) दर्शन-मोहनीय (२) चारित्रमोहनीय। दर्शनमोहनीयके तीन भेद हैं-(१)मिथ्यात्व (२) सम्यग्मिथ्यात्व (३) सम्यक्प्रकृति।

चारित्रमोहनीयके पच्चीस भेद हैं —१६ कषायवेदक मोहनीय और ९ नोकषायवेदक मोहनीय।

कषायवेदकमोहनीयके १६ भेद इस प्रकार हैं —(१) अनन्तानुबन्धी क्रोधवेदक मोहनीय (२) अनन्तानुबन्धीमाया वेदक मोहनीय (३) अनन्तानुबन्धी मायावेदक मोहनीय (४) अनन्तानुबन्धी लोभ वेदक मोहनीय (५) अप्रत्याख्यानावरण क्रोधवेदक मोहनीय (६) अप्रत्याख्यानावरण मान वेदक मोहनीय (७) अप्रत्याख्यानावरण माया वेदक मोहनीय (८) अप्रत्याख्या-

नावरण लोभ वेदक मोहनीय (९) प्रत्याख्यानावरण क्रोधवेदक मोहनीय (१०) प्रत्याख्यानावरण मान वेदक मोहनीय (११)प्रत्याख्यानावरण माया वेदक मोहनीय (१२)प्रत्याख्यानावरण लोभवेदक मोहनीय (१३) संज्वलन क्रोध वेदक मोहनीय (१४) संज्वलन मान वेदक मोहनीय (१५) संज्वलन माया वेदक मोहनीय (१६) संज्वलन लोभवेदक मोहनीय।

नौकषायवेदक मोहनीय कर्मके ९ प्रकार इस तरह है—

(१) हास्य वेदक मोहनीय (२)रतिवेदक मोहनीय (३) अरतिवेदक मोहनीय (४) शोकवेदक मोहनीय (५) भयवेदक मोहनीय (६) जुगुप्सा-वेदक मोहनीय (७) पुंवेद मोहनीय (८) स्त्रीवेद मोहनीय (९) नपुंसक वेद मोहनीय।

मिथ्यात्व मोहनीय कर्म—जिस कर्मके उदयको निमित्त पाकर आत्मा यथार्थ श्रद्धान न कर सके उसे मिथ्यात्व मोहनीय कर्म कहते हैं। इस कर्मके उदयसे जीव शुद्ध निज स्वरूपका प्रत्यय नहीं कर सकता व शरीर आदिमें आत्मबुद्धि करता है।

सम्यग्मिथ्यात्व मोहनीय कर्म जिस कर्मके उदयसे जीवके न तो केवल सम्यक्त्वरूप परिणाम हों और न केवल मिथ्यात्वरूप परिणाम हों किन्तु मिले हुए हों उस कर्मको सम्यग्मिथ्यात्व मोहनीय कर्म कहते है।

सम्यक्प्रकृति मोहनीय कर्म:—जिस कर्मके उदयसे आत्माके सम्यग्दर्शन मे चल, मलिन, अगाढ़ दोष उत्पन्न हों उसे सम्यक्प्रकृति मोहनीय कर्म कहते हैं। इस कर्मके उदयमें सम्यग्दर्शन का घात नहीं होता। ये चल, मलिन, अगाढ़ दोष भी अत्यन्त सूक्ष्मरूप दोष हैं।

अनन्तानुबन्धी क्रोध वेदक मोहनीय कर्म:—जिस कर्मके उदय से पाषाणरेखा सदृश दीर्घकालतक न मिटनेवाले ऐसे क्रोध का वेदन हो जिससे मिथ्यात्व पुष्ट होता चला जावे उस कर्मको अनन्तानुबन्धी क्रोधवेदक मोहनीय कर्म कहते हैं।

अनन्तानुबन्धी मानवेदक मोहनीय कर्म:—जिस कर्मके उदयसे

पाषाणकी कठोरता सदृश दीर्घकालतक न नमनेवाले मानका वेदन हो जिससे मिथ्यात्व पुष्ट होता रहे उसको अनन्तानुबन्धी मानवेदक मोहनीय कर्म कहते हैं।

अनन्तानुबन्धी मायावेदक मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदय से बाँसकी जड़की तरह अत्यन्त वक्र माया (छल, कपट) का परिणमन हो जिससे मिथ्यात्व पुष्ट होता रहे उसको अनन्तानुबन्धी माया वेदक मोहनीय कर्म कहते हैं।

अनन्तानुबन्धी लोभ वेदक मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदय से किरमिजीके रंगकी तरह दीर्घकालतक न छूटने वाली तृष्णाका वेदन हो जिससे मिथ्यात्व पुष्ट होता रहे उसे अनन्तानुबन्धी लोभ वेदक मोहनीय कर्म कहते हैं।

अप्रत्याख्यानावरण क्रोध वेदक मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे हलरेखा सदृश (पृथ्वीमें हलके चलनेसे होने वाले गड्ढे की तरह) कुछ बहुत कालतक न मिटनेवाले क्रोधका वेदन हो जिससे संयमासंयम प्रकट नहीं हो सकता उसको अप्रत्याख्यानावरण क्रोध वेदक मोहनीय कर्म कहते हैं।

अप्रत्याख्यानावरण मान वेदक मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे हड्डी की तरह कुछ कठिनतासे मुड़नेवाले मानका वेदन हो जिससे संयमासंयम प्रकट नहीं हो सकता उसको अप्रत्याख्यानावरण मान वेदक मोहनीय कर्म कहते हैं।

अप्रत्याख्यानावरण माया वेदक मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे मेढ़ाके सींगकी कुटिलताकी तरह वक्र मायाका वेदन करे जिससे संयमासंयम प्रकट नहीं हो सकता उसे अप्रत्याख्यानावरण माया वेदक मोहनीय कर्म कहते हैं।

अप्रत्याख्यानावरण लोभ वेदक मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे चकेके आँगनके रंगकी रंगाईकी तरह कुछ बहुत काल तक न छूटने

वाली तृष्णाका वेदन हो जिससे संयमासंयम प्रकट नहीं हो सकता उसे अप्रत्याख्यानावरण लोभ वेदक मोहनीय कर्म कहते हैं।

प्रत्याख्यानावरण क्रोध वेदक मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे धूलि रेखा याने गाड़ीके चक्केकी लकीरके सदृश अल्पकालतक ही न मिटनेवाले क्रोधका वेदन हो जिससे सकलसंयम प्रकट नहीं हो सकता उसे प्रत्याख्यानावरण क्रोध वेदक मोहनीय कर्म कहते हैं।

प्रत्याख्यानावरण मान वेदक मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे लकड़ी याने काष्ठदण्डकी तरह कुछ शीघ्र मुड़ जानेवाले मानका वेदन हो जिससे सकलसयम प्रकट नहीं हो सकता उसे प्रत्याख्यानावरण मान वेदक मोहनीय कर्म कहते हैं।

प्रत्याख्यानावरण माया वेदक मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे गोमूत्रकी तरह अल्पवक्ररूप मायाका वेदन हो जिससे सकलसयम प्रकट नहीं हो सकता उसे प्रत्याख्यानावरण माया वेदक मोहनीय कर्म कहते हैं।

प्रत्याख्यानावरण लोभ वेदक मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीर पर लगे हुए मलकी तरह अल्प प्रयत्नसे छूट सकने वाली तृष्णाका वेदन हो जिससे सकलसंयम प्रकट नहीं हो सकता उसे प्रत्याख्यानावरण लोभ वेदक मोहनीय कर्म कहते हैं।

संज्वलनक्रोध वेदक मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे जल रेखा सदृश शीघ्र मिट जानेवाले क्रोधका वेदन हो जिससे यथाख्यात चारित्र प्रकट नहीं हो सकता उसे संज्वलन क्रोध वेदक मोहनीय कर्म कहते हैं।

संज्वलन मान वेदक मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदय से बेत की पतली छड़ीकी तरह शीघ्र नम सके ऐसे मानका वेदन हो जिससे यथाख्यात चारित्र प्रकट नहीं हो सकता उसे संज्वलन मान वेदक मोहनीय कर्म कहते हैं।

संज्वलन माया वेदक मोहनीय कर्म।—जिस कर्मके उदयसे

चमरी गौके केशोंकी तरह अत्यल्प वक्रता वाले माया कषायका वेदन हो जिससे यथाख्यात चारित्र प्रकट नहीं हो सकता उसे संज्वलन माया वेदक मोहनीय कर्म कहते हैं।

संज्वलन लोभ वेदक मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे हल्दी के रंगकी तरह शीघ्र नष्ट हो जाने वाली तृष्णाका वेदन हो जिससे यथाख्यात चारित्र प्रकट नहीं हो सकता उसे संज्वलन लोभ वेदक मोहनीय कर्म कहते हैं।

हास्यवेदनीय मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदय होने पर हास्य जनक राग हो उसे हास्य वेदनीय मोहनीय कर्म कहते हैं।

रतिवेदनीय मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे इष्ट विषयोंमें रमण हो उसे रतिवेदनीय मोहनीय कर्म कहते हैं।

अरतिवेदनीय मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे अनिष्ट विषयोंमें अरुचि हो उसे अरति वेदनीय मोहनीय कर्म कहते हैं।

शोकवेदनीय मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीवके विषाद उत्पन्न हो उसे शोकवेदनीय मोहनीय कर्म कहते हैं।

भयवेदनीय मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीवके भय उत्पन्न हो उसे भयवेदनीय मोहनीय कर्म कहते हैं।

जुगुप्सा वेदनीय मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीवके ग्लानि उत्पन्न हो उसे जुगुप्सा वेदनीय मोहनीय कर्म कहते हैं।

पुंवेद मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे महान् कर्तव्योंमें वृत्त स्त्रीरमणाभिलाषा आदि पौरुष भाव हो उसे पुंवेद मोहनीय कर्म कहते हैं।

स्त्रीवेद मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे कोमलांगता, नेत्र-विभ्रम, मुख फुलाना, पुरुष-रमणेच्छा आदि स्त्रैण भाव हों उसे स्त्रीवेद मोहनीय कर्म कहते हैं।

नपुंसकवेद मोहनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे स्त्री-पुरुष दोनों से रमनेकी इच्छा, कामाग्निकी प्रबलता, कायरता आदि क्लैव भाव उत्पन्न

हों उसे नपुंसकवेद मोहनीय कर्म कहते हैं।

अन्तराय कर्म :—जो कर्म दोके बीचमें अन्तरको उत्पन्न करने में निमित्त हो उसे अन्तराय कर्म कहते हैं। अन्तराय शब्द का अर्थ यही हैं कि जो अन्तरका आय याने उत्पाद करे सो अन्तराय। अर्थात् जो जीवके दान लाभ आदिमें विघ्न होनेमें निमित्त हो उसे अन्तराय कर्म कहते हैं। अन्तरायकर्मके ५ भेद हैं — (१) दानान्तराय (२) लाभान्तराय (३) भोगान्तराय (४) उपभोगान्तराय (५) वीर्यान्तराय।

दानान्तराय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे दान देते हुए जीवके दानमें विघ्न उपस्थित हो उसे दानान्तराय कर्म कहते हैं।

लाभान्तराय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीवके लाभमें विघ्न हो उसे लाभान्तराय कर्म कहते हैं।

भोगान्तराय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीवके भोगमें विघ्न उपस्थित हो उसे भोगान्तराय कर्म कहते है।

उपभोगान्तराय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीवके उपभोगमें विघ्न आवे उसे उपभोगान्तराय कर्म कहते हैं।

वीर्यान्तराय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीवके शक्तिके विकास में विघ्न हो उसे वीर्यान्तराय कर्म कहते हैं।

अघातिया कर्म के भेद :—अघातिया कर्मके ४ भेद हैं :—

(१) वेदनीय (२) आयुकर्म (३) नामकर्म (४) गोत्रकर्म।

वेदनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीव इन्द्रिय व मनके विषयों का भोगरूप वेदन करे उसे वेदनीय कर्म कहते हैं। वेदनीय कर्मके २ भेद हैं :—(१) साता वेदनीय (२) असाता वेदनीय।

सातावेदनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीव सुखका वेदन करे उसे सातावेदनीय कर्म कहते हैं।

असातावेदनीय कर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीव दुःखका वेदन करे उसे असातावेदनीय कर्म कहते हैं।

आयु कर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीवन अवस्था हो और अभावसे मरण अवस्था हो उसे आयुकर्म कहते हैं। आयुकर्मके ४ भेद हैं :—(१) नरकायु (२) तिर्यंगायु (३) मनुष्यायु (४) देवायु।

नरकायु कर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीवका नरकभवमें अवस्थान हो उसे नरकायु कर्म कहते हैं।

तिर्यगायु कर्म :—जिस कर्मके उदयसे आत्माका तिर्यंचभवमें अवस्थान हो उसे तिर्यंगायु कहते हैं।

मनुष्यायु कर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीवका मनुष्यभवमें अवस्थान हो उसे मनुष्यायु कर्म कहते हैं।

देवायु कर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीवका देवभवमें अवस्थान हो उसे देवायु कर्म कहते हैं।

नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे नाना प्रकार शरीर सम्बन्धी रचना हो उसे नामकर्म कहते हैं। नामकर्मके ९३ भेद हैं—गतिनामकर्म ४, (नरक तिर्यञ्च, मनुष्य, देव)। जातिनामकर्म ५, (एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पचेन्द्रिय)। शरीर नामकर्म ५, (औदारिक, वैक्रियक, आहारक, तैजस, कार्माण)। बन्धन नामकर्म ५, (औदारिक, वैक्रियक, आहारक तैजस, कार्माण)। संघात नामकर्म ५, (औदारिक, वैक्रियक, आहारक, तैजस, कार्माण)। अंगोपांग नामकर्म ३ (औदारिक, वैक्रियक, आहारक)। सस्थान ६ (समचतुरस्र, न्यग्रोधपरिमण्डल, स्वाति, वामन, कुब्जक, हुडक)। संहनन ६ (वज्रवृषभनाराच, वज्रनाराच, नाराच, अर्द्धनाराच, कीलक असप्राप्तसृपाटिका संहनन)। वर्ण ५ (कृष्ण, नील, रक्त, पीत, श्वेत)। गन्ध २ (सुरभि, दुरभि)। रस ५ (मधुर, आम्ल, तिक्त, कटुक, कषायित)। स्पर्श ८ (स्निग्ध, रूक्ष, शीत, उष्ण, गुरु, लघु, मृदु, कठोर,)। आनुपूर्व्य ४ (नरक गत्यानुपूर्व्य, तिर्यंचगत्यानुपूर्व्य, मनुष्यगत्यानुपूर्व्य, देवगत्यानुपूर्व्य)। अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छास, आतप, उद्योत, विहायोगति २ (प्रशस्त विहायोगति, अप्रशस्त विहायोगति)। त्रस, बादर, पर्याप्ति, प्रत्येक शरीर,

स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशः कीर्ति, निर्माण, तीर्थंकर, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्ति, साधारण शरीर, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, अयश-कीर्ति ।

नरकगतिनाम कर्म :—जिस नामकर्मके उदयसे नरकभवके योग्य परिणाम हों, जिस भावमें रहने पर नरकमें उदय आने योग्य कर्मोंका उदय होता है उसको नरकगति नामकर्म कहते हैं ।

तिर्यग्गतिनाम कर्म :—जिस नामकर्मके उदयसे तिर्यग्भवके योग्य परिणाम हों जिस भावमें रहने पर तिर्यञ्चमें उदय आने योग्य कर्मोंका उदय होता रहता हैं उसे तिर्यग्गतिनामकर्म कहते हैं ।

मनुष्यगति नामकर्म :–जिस नामकर्मके उदयसे मनुष्यभवके योग्य परिणाम हों जिस भावमें रहने पर मनुष्यमें उदय आने योग्य कर्मोंका उदय होता रहतां है उसे मनुष्यगति नामकर्म कहते हैं ।

देवगतिनाम कर्म :–जिस नामकर्मके उदयसे देवभवके योग्य परिणाम हों जिस भावमें रहने पर देवमें उदय आनेके योग्य कर्मोंका उदय होता रहता है उसे देवगति-नामकर्म कहते हैं ।

जातिनामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे प्राणियोंके सदृशता उत्पन्न हो उसे जातिनामकर्म कहते हैं ।

एकेन्द्रियजातिनामकर्म :–जिस कर्मके उदयसे केवल स्पर्शनज्ञानेन्द्रय वाला जीवन मिले उसे एकेन्द्रिय जातिनामकर्म कहते हैं ।

द्वीन्द्रियजातिनामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे स्पर्शन और रसना और इन दो इन्द्रियवाला जीवन मिले उसे द्वीन्द्रियजातिनामकर्म कहते हैं ।

त्रीन्द्रियजातिनामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे स्पर्शन, नसना व प्राण इन तीन इन्द्रियवाला जीवन मिले उसे त्रीन्द्रियजातिनामकर्म कहते हैं ।

चतुरिन्द्रिजातिनामकर्म :–जिस कर्मके उदयसे स्पर्शन, रसना, प्राण और चक्षु इन चार इन्द्रियवाला जीवन मिले उसे चतुरिन्द्रिय जातिनामकर्म कहते हैं ।

पंचेन्द्रियजातिनामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे स्पर्श रसना, प्राण चक्षु और श्रोत्र इन पाँचों इन्द्रियवाला जीवन मिले उसे पञ्चेन्द्रिय जाति-नामकर्म कहते हैं।

शरीरनामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरकी रचना हो उसे शरीरनामकर्म कहते हैं।

औदारिक शरीरनामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे औदारिक नामक आहारवर्गणाके पुद्गलस्कन्ध शरीररूप परिणत होते हुये जीवके साथ सम्बद्ध हो उसे औदारिक शरीरनामकर्म कहते हैं।

वैक्रियक शरीरनामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे वैक्रियक नामक आहारवर्गणाके पुद्गलस्कन्ध शरीररूप परिणत होते हुये जीवके साथ सम्बद्ध हों उसे वैक्रियक शरीरनामकर्म कहते हैं।

आहारक शरीर नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे आहारक नामक आहारवर्गणाके पुद्गलस्कन्ध शरीररूप परिणत होते हुये जीवके साथ सम्बद्ध हों उसे आहारक शरीरनामकर्म कहते हैं।

तैजस शरीर नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे तैजसवर्गणाके पुद्-गलस्कन्ध शरीररूप परिणत होते हुये जीवके साथ सम्बद्ध हों उसे तैजस शरीरनामकर्म कहते हैं।

कार्माण शरीरनामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे कार्माणवर्गणाके पुद्गलस्कन्ध कर्मरूप परिणत होते हुये जीवके साथ सम्बद्ध हों उसे कार्माण शरीरनामकर्म कहते हैं।

अंगोपाँग नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरके अंग और उपांगोंकी निष्पत्ति होती है उसे अंगोपांग नामकर्म कहते हैं।

अंग ८ :—(१) दक्षिणपाद (२) वामपाद (३) दक्षिणहस्त (४) वाम हस्त (५) नितम्ब (६) पीठ (७) हृदय (८) मस्तक।

उपांग अनेक :—कपाल, ललाट, कान, नाक, ओंठ, अंगुलि, ठोड़ी, आदि।

औदारिक शरीर अंगोपाँग नाम कर्म :—जिस कर्मके उदयसे औदारिक शरीरके अंग और उपाँगोंकी रचना हो उसे औदारिक शरीर अंगोपांग नामकर्म कहते हैं।

वैक्रियक शरीर अंगोपाँग नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे वैक्रियक शरीरके अंगोपांगकी रचना हो उसे वैक्रियक शरीर अंगोपाँग नामकर्म कहते हैं।

आहारक शरीर अंगोपाँग नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे आहारक शरीरके अंग और उपांगोंकी रचना हो उसे आहारक शरीर अंगोपाँग नामकर्म कहते हैं।

निर्माण नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे अंग उपांगोंकी यथायोग्य ठीक ठीक प्रमाणसे और ठीक ठीक स्थानपर निष्पत्ति हो उसे निर्माण नाम कर्म कहते हैं।

बन्धन नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीवसम्बद्ध वर्तमान पुद्गल स्कन्धोंके साथ शरीररूप परिणत होने वाले पुद्गल स्कन्धोंका परस्पर बन्धन हो उसे बन्धन नामकर्म कहते हैं।

औदारिक शरीर बन्धन नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीव सम्बद्ध वर्तमान पुद्गल स्कन्धोके साथ औदारिक शरीररूप परिणत हुये पुद्गल स्कन्धोंका परस्पर बन्धन हो उसे औदारिक शरीर बन्धन नाम कर्म कहते हैं।

वैक्रियक शरीर बन्धन नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीवसम्बद्ध वर्तमान पुद्गल स्कन्धोंके साथ वैक्रियक शरीररूप परिणत हुए पुद्गल स्कन्धोंका परस्पर बन्धन हो उसे वैक्रियक शरीर बन्धन नामकर्म कहते हैं।

आहारक शरीर बन्धन नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे आहारक शरीररूप परिणत हुये पुद्गल स्कन्धोंका जीवसम्बद्ध पुद्गलस्कन्धोंके साथ परस्पर बन्धन हो उसे आहारक शरीर बन्धन नामकर्म कहते हैं।

तैजस शरीर बन्धन नाम कर्म :—जिस कर्मके उदयसे तैजस-शरीररूप परिणत हुए पुद्गल स्कन्धोंका जीवसम्बद्ध पुद्गल स्कन्धोंके साथ परस्पर बन्धन हो उसे तैजस शरीर बन्धन नाम कर्म कहते हैं।

कार्माण शरीर बन्धन नाम कर्म :—जिस कर्मके उदयसे कार्माण शरीररूप परिणत हुए पुद्गल स्कन्धोंका जीवसम्बद्ध पुद्गल स्कन्धके साथ परस्पर बन्धन हो उसे कार्माण शरीर बन्धन नामकर्म कहते हैं।

संघात नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे बद्ध शरीर स्कन्धोंका परस्पर छिद्ररहित सश्लेष हो उसे संघात नामकर्म कहते हैं।

औदारिक शरीर संघात नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे बद्ध औदारिक शरीर स्कन्धोंका परस्पर छिद्ररहित संश्लेष हो उसे औदारिक शरीर संघात नामकर्म कहते हैं।

वैक्रियक शरीर संघात नाम कर्म :—जिस कर्मके उदयसे बद्ध वैक्रियक शरीर स्कन्धोंका परस्पर छिद्ररहित संश्लेष हो उसे वैक्रियक शरीर संघात नाम कर्म कहते हैं।

आहारक शरीर संघात नाम कर्म :—जिस कर्मके उदयसे बद्ध आहारक शरीर स्कन्धोंका परस्पर छिद्ररहित संश्लेष हो उसे आहारक शरीर संघात नामकर्म कहते हैं।

तैजस शरीर संघात नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे बद्ध तैजस शरीर स्कन्धोंका परस्पर छिद्ररहित सश्लेष हो उसे तैजस शरीर संघात नामकर्म कहते हैं।

कार्माण शरीर संघात नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे बद्ध कार्माण शरीर स्कन्धोंका परस्पर छिद्र रहित संश्लेष हो उसे कार्माण शरीर संघात नामकर्म कहते हैं।

संस्थान नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरका आकार बनता है उसे संस्थान नाम कर्म कहते हैं।

समचतुरस्रसंस्थान नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीर बिल्कुल

सुडौल बने उसे समचतुरस्र संस्थान नाम कर्म कहते हैं।

न्यग्रोध परिमण्डल संस्थान नाम कर्म :—जिस कर्मके उदयसे बड़के पेड़के आकारकी तरह शरीरका नीचेका भाग छोटा और ऊपरका भाग बड़ा हो उसे न्यग्रोध परिमण्डल संस्थान नाम कर्म कहते हैं।

स्वाति संस्थान नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरका आकार स्वाति (वामी) के आकार का बने याने नीचे का भाग छोटा और ऊपर का लम्बा बने उसे स्वाति संस्थान नामकर्म कहते हैं।

वामनसंस्थान नामकर्म :—जिसकर्मके उदयसे शरीरका आकार बौना हो उसे वामन संस्थान नामकर्म कहते है।

कुब्जक संस्थान नामकर्म :—जिसकर्मके उदयसे शरीरका आकार कुबड़ा हो उसे कुब्जक संस्थान नामकर्म कहते हैं।

हुंडक संस्थान नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरका आकार कई प्रकारका या विचित्र अथवा अटपटा हो उसे हुंडक सस्थान नामकर्म कहते हैं।

संहनन नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें हड्डियों और हड्डियोंके संधियों याने बन्धन विशेषोंकी रचना होती हैं उसे संहनन नाम कर्म कहते हैं।

वज्रवृषभनाराच संहनन नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे वज्रके हाड़, वज्रके वेठन व वज्रकी कीलियाँ हों उसे वज्रवृषभनाराच सहनन नाम कर्म कहते हैं।

वज्रनाराचसंहनन नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे वज्रके हाड़ और वज्रकी कीलियाँ हों किन्तु वेठन वज्रके न हों उसे वज्रनाराच सहनन नामकर्म कहते हैं।

नाराच संहनन नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे हड्डियाँ कीलियों से कीलित हों उसे नाराचसंहनन नामकर्म कहते हैं।

अर्द्धनाराच संहनन नामकर्म .–जिस कर्मके उदयसे शरीरमें

हड्डियाँ आधी कीलित हों उसको अर्द्धनाराच संहनन नामकर्म कहते हैं।

कीलक संहनन नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें हड्डियाँ कीलियोंसे स्पृष्ट हों उसे कीलक संहनन नामकर्म कहते हैं।

असंप्राप्त सृपाटिका संहनन नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें हड्डियाँ नसाजालसे बन्धी हुई हों उसे असप्राप्तसृपाटिका संहनन नामकर्म कहते हैं।

स्पर्श नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें नियत स्पर्शकी निष्पत्ति होती है उसे स्पर्श नामकर्म कहते हैं।

स्निग्ध स्पर्श नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें नियत स्निग्ध स्पर्शकी निष्पत्ति हो उसे स्निग्ध स्पर्श नामकर्म कहते हैं।

रूक्षस्पर्श नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें नियत रूक्ष स्पर्शकी निष्पत्ति होती है उसे रूक्षस्पर्श नामकर्म कहते हैं।

शीतस्पर्श नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें नियत शीत स्पर्शकी निष्पत्ति होती है उसे शीतस्पर्श नामकर्म कहते हैं।

उष्णस्पर्श नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें नियत उष्ण स्पर्शकी निष्पत्ति होती है उसे उष्णस्पर्श नामकर्म कहते हैं।

गुरुस्पर्श नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें नियत गुरूस्पर्श की निष्पत्ति होती है उसे गुरूस्पर्श नामकर्म कहते हैं।

लघुस्पर्श नामकर्म।—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें नियत लघुस्पर्श की निष्पत्ति होती है उसे लघुस्पर्श नामकर्म कहते है।

कठोर स्पर्श नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें नियत कठोर स्पर्शकी निष्पति होती है उसे कठोरस्पर्श नामकर्म कहते है।

मृदुस्पर्श नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें नियत कोमल स्पर्शकी निष्पत्ति होती है उसे मृदुस्पर्श नामकर्म कहते हैं।

रस नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें प्रतिनियत रसकी निष्पत्ति हो उसे रस नामकर्म कहते हैं।

अम्लरस नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें प्रतिनियत अम्ल (खट्टे) रसकी निष्पत्ति हो उसे अम्लरस नामकर्म कहते हैं।

मधुररस नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें प्रतिनियतमधुर-रसकी निष्पत्ति हो उसे मधुररस नामकर्म कहते हैं।

कटुरस नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें प्रतिनियत कड़वे रसकी निष्पत्ति हो उसे कटुरस नामकर्म कहते हैं।

तिक्तरस नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें प्रतिनियत तीखे रसकी निष्पत्ति हो उसे तिक्तरस नामकर्म कहते हैं।

कषायितरस नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें प्रतिनियत कषायले रसकी निष्पत्ति हो उसे कषायितरस नामकर्म कहते हैं।

गन्ध नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें प्रतिनियत गन्धकी निष्पत्ति हो उसे गन्ध नामकर्म कहते हैं।

सुगन्ध नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें प्रतिनियत सुगन्ध की निष्पत्ति हो उसे सुगन्ध नामकर्म कहते हैं।

दुर्गन्ध नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें प्रतिनियत दुर्गन्ध की निष्पत्ति हो उसे दुर्गन्ध नामकर्म कहते हैं।

वर्ण नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें प्रतिनियत वर्णकी निष्पत्ति हो उसे वर्ण नामकर्म कहते हैं।

कृष्णवर्ण नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें प्रतिनियत कृष्णवर्णकी निष्पत्ति हो उसे कृष्णवर्ण नामकर्म कहते हैं।

नीलवर्ण नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें प्रतिनियत नील वर्णकी निष्पत्ति हो उसे नीलवर्ण नामकर्म कहते हैं।

रक्तवर्ण नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें प्रतिनियत रक्त वर्णकी निष्पत्ति हो उसे रक्तवर्ण नाम कर्म कहते हैं।

पीतवर्ण नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें प्रतिनियत पीत वर्णकी निष्पत्ति हो उसे पीतवर्ण नामकर्म कहते हैं।

श्वेतवर्ण नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें प्रतिनियत श्वेतवर्णकी निष्पत्ति हो उसे श्वेतवर्ण नामकर्म कहते हैं।

आनुपूर्व्य नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे विग्रहगतिमें पूर्व शरीर के आकार आत्मप्रदेश हो उसे आनूपूर्व्य नामकर्म कहते हैं।

नरकगत्यानुपूर्व्य नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे तिर्यञ्च या मनुष्य गतिसे मरणकर नरक भव में देह धारणके लिए जाने वाले जीवका आकार पूर्वके देहके आकारमें हो उसे नरकगत्यानुपूर्व्य नामकर्म कहते हैं।

तिर्यग्गत्यानुपूर्व्य नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे किसी गतिसे मरणकर तिर्यग्गतिमें देह धारणके लिए जाने वाले जीवका आकार पूर्वके देहके आकारमें हो उसे तिर्यग्गत्यानुपूर्व्य नामकर्म कहते हैं।

मनुष्यगत्यानुपूर्व्य नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे किसी गतिसे मरण कर मनुष्यगतिमें देहधारणके लिए जाने वाले जीवका आकार पूर्वके देहके आकारमें हो उसे मनुष्यगत्यानुपूर्व्य नामकर्म कहते हैं।

देवगत्यानुपूर्व्य नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे तिर्यञ्च या मनुष्यगतिसे मरण कर देवगतिमें देह धारणके लिए जाने वाले जीवका आकार पूर्व देहके आकारवत् हो उसे देवगत्यानुपूर्व्य नामकर्म कहते हैं।

अगुरुलघु नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीवका शरीर यथायोग्य गुरु और लघु हो अर्थात् न तो ऐसा गुरु शरीर हो कि लोहेके गोलेके समान गिर जावे और न ऐसा लघु शरीर हो कि आकके तूलके समान उड़ जावे, उसे अगुरुलघु नामकर्म कहते हैं।

उपघात नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे अपने ही शरीरका अवयव अपना ही घात करने वाला हो उसे उपघात नामकर्म कहते हैं।

परघात नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे परप्राणीका घात करने वाला अवयव देहमें हो उसे परघात नामकर्म कहते हैं।

आतप नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीर मूलमें तो ठण्डा हो और दूरवर्ती पदार्थोंके उष्ण हो जानेमें निमित्त हो तथा तेजोमय हो उसे

आतप नामकर्म कहते हैं। इसका उदय सूर्य विमानके पृथ्वीकायिक जीवोंमें पाया जाता है।

उद्योत नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीर मूलमें भी ठण्डा हो और दूरवर्ती पदार्थोंके उष्णताका कारण न हो तथा उद्योतरुप (चमकदार) हो उसे उद्योत नामकर्म कहते हैं।

उच्चछ्वास नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें श्वास और उच्छ्वास प्रकट हो उसे उच्छ्वास नामकर्म कहते हैं।

विहायोगति नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे जीव गमन करे उसे विहायोगति नामकर्म कहते हैं।

प्रशस्त विहायोगति नामकर्म :–जिस कर्मके उदयसे सुन्दर गमन विधि हो उसे प्रशस्त विहायोगति नामकर्म कहते हैं। जैसे हस, घोड़ा आदिकी गति।

अप्रशस्त विहायोगति नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे असुन्दर गमन विधि हो उसे अप्रशस्त विहायोगति नामकर्म कहते हैं। जैसे :–गधा, कुत्ता आदि की गतिविधी।

प्रत्येक शरीर नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे एक शरीरका अधिष्ठाता एक जीव हो उसे प्रत्येक शरीर नामकर्म कहते हैं।

त्रस नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे अग-उपांग सहित काय (शरीर) मिले उसे त्रस नामकर्म कहते हैं। द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय जीव त्रस कहलाते हैं।

सुभग नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे प्राणीपर अन्य प्राणियोंको प्रीति उत्पन्न हो उसे सुभग नामकर्म कहते हैं।

सुस्वर नामकर्म :–जिस कर्मके उदयसे अच्छा स्वर हो उसे सुस्वर नाम कर्म कहते हैं।

शुभ नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरके शुभ अवयव हों उसे शुभ नामकर्म कहते हैं।

बादर नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे बादर शरीर हो जो दूसरे को रोक सके व दूसरे से रुक सके उसे बादर नामकर्म कहते हैं।

पर्याप्ति नामकर्म :–जिस कर्मके उदयसे ऐसा शरीर मिले जिसकी पर्याप्ति नियमसे पूर्ण हो, शरीरपर्याप्ति पूर्ण हुए बिना मरण न हो उसे पर्याप्ति नामकर्म कहते हैं।

स्थिर नामकर्म : –जिस कर्मके उदयसे शरीरमें धातु, उपधातु अपने-अपने ठिकाने अचिलत रहें उसे स्थिर नामकर्म कहते हैं।

आदेय नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें कान्ति प्रकट हो उसे आदेय नामकर्म कहते हैं।

यश:कीर्ति नामकर्म :–जिस कर्मके उदयसे जीवका यश और कीर्ति प्रकट हो उसे यश:कीर्ति नामकर्म कहते हैं।

साधारणशरीर नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे एक शरीरके स्वामी अनेक जीव हों उसे साधारणशरीर नामकर्म कहते हैं।

स्थावर नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे अंग उपांग रहित शरीर मिले उसे स्थावर नामकर्म कहते हैं।

दुर्भग नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे प्राणीपर अन्य प्राणियोंकी अरुचि उत्पन्न हो उसे दुर्भग नामकर्म कहते है।

दु:स्वर नामकर्म .—जिस कर्मके उदयसे बुरा स्वर हो उसे दु:स्वर नामकर्म कहते हैं।

अशुभ नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरमें असुहावने अवयव हों उसे अशुभ नामकर्म कहते हैं।

सूक्ष्म नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीर सूक्ष्म हो जो न किसी को रोक सके, न किसीसे रुक सके उसे सूक्ष्म नामकर्म कहते हैं।

अपर्याप्ति नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे ऐसा शरीर मिले जिस की पर्याप्ति पूर्ण न हो और मरण हो जाय उसे अपर्याप्ति नामकर्म कहते हैं।

अस्थिर नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे शरीरके धातु-उप-धातु चलित हो जाया करे उसे अस्थिर नामकर्म कहते हैं।

अनादेय नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे कान्तिरहित शरीर हो उसे अनादेय नामकर्म कहते हैं।

अयशःकीर्ति नामकर्म :–जिस कर्मके उदयसे अपयश और अकीर्ति हो उसे अयशःकीर्ति नामकर्म कहते हैं।

तीर्थंकर प्रकृति नामकर्म :—जिस कर्मके उदयसे तीर्थंकरपना हो सर्वज्ञदेवके सातिशय दिव्यध्वनि, विहार आदिसे लोकोपकार हो उसे तीर्थंकर प्रकृति नामकर्म कहते हैं।

गोत्रकर्म :—गोत्रकर्म उसे कहते हैं जिसके उदयसे उच्च नीच कुल में जन्म हो। गोत्रकर्मके दो भेद हैं :—(१) उच्च गोत्रकर्म (२) नीच गोत्र कर्म। उच्च गोत्रकर्म उसे कहते है जिसके उदयसे लोकमान्य कुलमें जन्म हो। नीच गोत्रकर्म–उसे कहत हैं जिसके उदयसे लोकनिन्द्य कुलमें जन्म हो।

साँकेतिक संख्यासे कर्मप्रकृतियोंका निर्देश :—

अगुरुद्विक—अगुरुलघु, उपघात।
अरतिद्विक—अरति, शोक
अनादेयद्विक—अनादेय, अयशःकीर्ति
आतापद्विक—आताप, (आतप), उद्योत
आहारकद्विक—आहारक शरीर, आहारकाङ्गोपाङ्ग
औदारिकद्विक—औदारिक शरीर, औदारिकाङ्गोपाङ्ग
तिर्यग्द्विक—तिर्यग्गति, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी
तैजसद्विक—तैजस शरीर, कार्माण शरीर
देवद्विक—(सुरद्विक) देवगति, देवगत्यानुपूर्वी

नरकद्विक—नरकगति, नरकगत्यानुपूर्वी

प्रत्येकद्विक—प्रत्येक, साधारण

परघातद्विक—परघात उच्छ्वास

भयद्विक—भय जुगुप्सा

मनुष्यद्विक—मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी

विहायोद्विक (गमनद्विक)—प्रशस्त विहायोगति, अप्रशस्त विहायोगति।

वेदद्विक—स्त्रीवेद, नपुंसकवेद

वैक्रियकद्विक—वैक्रियक शरीर, वैक्रियकाङ्गोपाङ्ग

शुभद्विक—शुभ, अशुभ

स्थिरद्विक—स्थिर, अस्थिर

स्वरद्विक—सुस्वर, दुःस्वर

हास्यद्विक—हास्य, रति

त्रिक

तिर्यक्त्रिक—तिर्यग्गति, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी, तिर्यग्गायु

त्रसत्रिक—त्रस, बादर, पर्याप्ति

तीर्थत्रिक—तीर्थंकर, आहारकद्विक

दुर्भगत्रिक—दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय

देवत्रिक—देवगति, देवगत्यानुपूर्वी, देवायु

नरकत्रिक—नरकगति, नरकगत्यानुपूर्वी, नरकायु

मनुष्यत्रिक—मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, मनुष्यायु

मिथ्यात्रय—मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्प्रकृति

विकलत्रिक—द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय

स्त्यानत्रिक—स्त्यानगृद्धि, निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला

सुभगत्रिक—सुभग, सुस्वर, आदेय

सूक्ष्मत्रिक—सूक्ष्म, अपर्याप्ति, साधारण

संज्वलनत्रिक—संज्वलन क्रोध मान माया

चतुष्क

अगुरुचतुष्क—अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास

अनचतुष्क—अनन्तानुबन्धी क्रोध मान माया लोभ

आहारकचतुष्क–आहारकशरीर, आहारकाङ्गोपाङ्ग, आहारकबन्धन आहारक संघात

जातिचतुष्क–एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय

दर्शनचतुष्क–चक्षुर्दर्शनावरण, अचक्षुर्दर्शनावरण, अवधिदर्शनावरण, केवलदर्शनावरण ।

दुर्भगचतुष्क–दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, अयश कीर्ति ।

नारकचतुष्क–नरकगति नरकगत्यानुपूर्वी, वैक्रियकशरीर, वैक्रियकाङ्गोपाङ्ग ।

वर्णचतुष्क–वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श ।

शातारचतुष्क–तिर्यंग्गति, तिर्यंग्गत्यानुपूर्वी, तिर्यंग्गायु, उद्योत ।

स्थावरचतुष्क–स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्ति, साधारण ।

सुभगचतुष्क–सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति ।

सुरचतुष्क (देवचतुष्क)—देवगति, देवगत्यानुपूर्वी, वैक्रियकशरीर, वैक्रियकाङ्गोपाङ्ग ।

संज्वलनचतुष्क—संज्वलन क्रोध मान माया लोभ ।

संस्थानचतुष्क—न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थान, स्वातिसंस्थान, वामनसंस्थान, कुब्जक संस्थान ।

संहननचतुष्क—वज्रनाराच संहनन, नाराचसंहनन, अर्द्धनाराच संहनन, कीलक संहनन ।

पञ्चक आदि

उपघातपञ्चक—उपघात, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत ।

तीर्थपञ्चक—तीर्थंकर, आहारकशरीर, आहारकाङ्गोपाङ्ग,

सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक् प्रकृति ।

निद्रापञ्चक—निद्रा, निद्रानिद्रा,प्रचला,प्रचलाप्रचला,स्त्यानगृद्धि ।

दर्शनषट्क—केवलदर्शनावरण, निद्रा, निद्रानिद्रा, प्रचला, प्रचला-प्रचला, स्त्यानगृद्धि ।

नोकषायषट्क (हास्यषट्क)—हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा ।

वैक्रियकषट्क–नरकगति नरकगत्यानुपूर्वी, देवगति, देवगत्यानुपूर्वी, वैक्रियकशरीर, वैक्रियकाङ्गोपाङ्ग ।

मध्यमकषायाष्टक—अप्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ, प्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ ।

त्रसनवक–त्रस, बादर, पर्याप्ति, प्रत्येक, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर आदेय ।

त्रसदशक—त्रस, बादर, पर्याप्ति, प्रत्येक, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, अनादेय, अयशःकीर्ति ।

स्थावरदशक–स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्ति, साधारण, अस्थिर, अशुभ दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, अयशःकीर्ति ।

तिर्यगेकादश—स्थावर, सूक्ष्म, तिर्यग्गति, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, साधारण ।

कषायद्वादशक—अनन्तानुबन्धी क्रोध मान माया लोभ, अप्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ, प्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ ।

कर्म–स्थिति

कर्मनाम	जघन्य स्थितिबन्ध	उत्कृष्ट स्थितिबन्ध
ज्ञानावरण	अन्तर्मुहूर्त	३० कोड़ाकोड़ी सागर
दर्शनावरण	अन्तर्मुहूर्त	३० कोड़ाकोड़ी सागर
वेदनीय	१२ मुहूर्त	३० कोड़ाकोड़ी सागर
मोहनीय	अन्तर्मुहूर्त	७० कोड़ाकोड़ी सागर

आयु	अन्तर्मुहूर्त	३३ सागर
नाम	८ मुहूर्त	२० कोड़ाकोड़ी सागर
गोत्र	८ मुहूर्त	२० कोड़ाकोड़ी सागर
अन्तराय	अन्तर्मुहूर्त	३० कोड़ाकोड़ी सागर

उत्तर प्रकृतियोंका उत्कृष्टस्थितिबन्ध

प्रकृतिनाम	उत्कृष्ट स्थितिबन्ध
ज्ञानावरण ५, दर्शनावरण, असातावेदनीय	३० कोड़ाकोड़ी सागर ,, ,,
सातावेदनीय, स्त्रीवेद, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी	१५ कोड़ाकोड़ी सागर ,, ,,
मिथ्यात्व	७० कोड़ाकोड़ी सागर
अनन्तानुबन्धी क्रोधआदि १६ कषाय	४० कोड़ाकोड़ी सागर
अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, नपुंसकवेद, तैजस शरीर, कार्माण शरीर	२० कोड़ाकोड़ी सागर ,, ,,
हुण्डकसंस्थान, असंप्राप्तसृपाटिका संहनन, तिर्यंग्गति, तिर्यंग्गत्यानुपूर्वी, नरकगति, नरकगत्यानुपूर्वी, औदारिकशरीर, औदारिकाङ्गोपाङ्ग, वैक्रियक शरीर, वैक्रियकाङ्गोपाङ्ग, आतप, उद्योत त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, वर्ण, रस, गन्ध, स्पर्श, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, एकेन्द्रिय, पचेन्द्रिय, स्थावर, निर्माण, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, अयशःकीर्ति, नीच गोत्र	,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, २० कोड़ाकोड़ी सागर ,, ,, ,, ,,
वामनसंस्थान, नाराचसंहनन, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण,	१८ कोड़ाकोड़ी सागर ,, ,,

कुब्जकसंस्थान, अर्द्धनाराच संहनन	१६ कोड़ाकोड़ी सागर
स्वातिसंस्थान, नाराचसंहनन	१४ कोड़ाकोड़ी सागर
न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थान, वज्रनाराचसंहनन	१२ कोड़ाकोड़ी सागर
हास्य, रति, पुरुषवेद, समचतुरस्रसंस्थान	१० कोड़ाकोड़ी सागर
वज्रवृषभनाराचसंहनन, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, प्रशस्तविहायोगति, देवगति, देवगत्यानुपूर्वी	,, ,, ,, ,, ,, ,,
आहारकशरीर, आहारकांगोपांग, तीर्थंकर-प्रकृति	अन्तःकोड़ाकोड़ी सागर
देवायु, नरकायु	३३ सागर
मनुष्यायु, तिर्यंगायु	तीन पल्य

उत्तर प्रकृतियोंका जघन्यस्थितिबन्ध

प्रकृति नाम	जघन्य स्थितिबन्ध
ज्ञानावरण ५, दर्शनावरण ४, अन्तराय ५, संज्वलन लोभ	१ अन्तर्मुहूर्त ,, ,,
यशःकीर्ति, उच्च गोत्र	८ मुहूर्त
सातावेदनीय	१२ मुहूर्त
संज्वलन क्रोध	२ माह
संज्वलन मान	१ माह
संज्वलन माया	१५ दिन
पुरुषवेद	८ वर्ष
तीर्थंकर, आहारक शरीर, आहारकांगोपांग	अन्तःकोड़ाकोड़ी सागर ,, ,,
मनुष्यायु, तिर्यंगायु	अन्तर्मुहूर्त
देवायु, नरकायु	१० हजार वर्ष
बन्ध प्रकृति १२० मेंसे इस नक्शेमें	अपनी अपनी उत्कृष्टास्थिति

उपरोक्त २९ प्रकृतियोंको छोड़ कर शेष के प्रतिभाग प्रमाण बची हुई ९१ प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध।

तिर्यगायु, मनुष्यायु व देवायु इन तीन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशुद्ध परिणामसे होता है और जघन्य स्थितिबन्ध संक्लेश परिणामसे होता है, किन्तु इन तीनों प्रकृतियोंको छोड़कर बाकी समस्त (१४५) प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामसे होता है और जघन्य स्थितिबन्ध विशुद्धपरिणामसे होता है।

कर्मानुभाग

फल देनेकी शक्तिको अनुभाग कहते हैं। घातिया कर्मोंमें (ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय व अन्तराय में) फल देनेकी शक्तिके ४ प्रकार हैं (१) लतावत्, (२) काष्ठवत्, (३) अस्थिवत् व (४) पाषाणवत्। जैसे लता, काठ, हड्डी व पत्थरमें क्रमसे अधिक अधिक कठोरपना है वैसे ही जघन्य अनुभागसे लेकर उत्कृष्ट अनुभाग तक अधिकाधिक कठोरता अनुभागमें है।

अघातिया कर्मोंमें जो शुभ प्रकृतियां हैं उनमें जघन्यसे लेकर उत्कृष्ट अनुभाग तकमें ४ प्रकार हैं—(१) गुड़वत्, (२) शक्करवत्, (३) मिश्रीवत् व (४) अमृतवत्।

अघातिया कर्मोंमें जो अशुभ प्रकृतियां हैं उनमें जघन्य अनुभागसे लेकर उत्कृष्ट अनुभाग तकम ४ प्रकार हैं—(१) नीमवत्, (२) कांजीरवत्, (३) विषवत्, (४) हालाहलवत्।

शुभ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध विशुद्ध परिणामोंसे होता है और जघन्य अनुभागबन्ध संक्लेश परिणामोंसे होता हैं।

अशुभ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध संक्लेश परिणामोंसे होता है और जघन्य अनुभागबन्ध विशुद्ध परिणामोंसे होता है।

कर्मप्रदेश

सामान्यतया अभव्यराशिसे अनन्तगुणे व सिद्धराशिके अनन्तवें भाग

प्रमाण कार्माणवर्गणाके परमाणुसमूहको यह जीव एक समयमें बांधता है। उस समयप्रबद्धकी वर्गणावोंका आठ कर्मोंमें बटवारा इस प्रकार होता है—

सब कर्मोंमें आयुकर्मका हिस्सा थोड़ा है, उससे अधिक नामकर्म और गोत्रकर्मका है, किन्तु इन दोनोंका द्रव्य परस्परमें समान है। नामकर्म और गोत्रकर्मके हिस्सेसे ज्ञानावरण दर्शनावरण व अन्तरायका प्रत्येकका अधिक है किन्तु इन तीनोंका द्रव्य परस्पर समान है। इनसे अधिक मोहनीय कर्म का हिस्सा है। मोहनीयसे भी अधिक वेदनीय कर्मका हिस्सा है।

ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय इन तीन कर्मोंके अपने अपने द्रव्य में यथायोग्य अनन्तका भाग देनेसे लब्ध एक भाग सर्वघाती प्रकृतियोंका द्रव्य होता है और शेष अनन्त बहुभाग देशघाती प्रकृतियोंका द्रव्य होता है। अन्तरायकर्ममें कोई प्रकृति सर्वघाती नहीं है सो उसका द्रव्य सारा ही देशघाती है।

जिस बन्धमें कर्मप्रदेश अधिक होते हैं उसमें अनुभाग कम होता है और जिस बन्धमें कर्मप्रदेश कम होते हैं उसमें अनुभाग अधिक होता है।

संसारी जीवके साथ आहारवर्गणा जातिके व कार्माण जातिके सूक्ष्म पुद्गल स्कन्ध प्रकृत्या लगे हुए हैं इन्हें विस्रसोपचय कहते हैं। विस्रसा= स्वभावसे, उपचय = संग्रह। एक जीवके साथ अनन्त विस्रसोपचयरूप आहारवर्गणायें हैं उनसे अनन्त गुणे शरीररूप परिणत आहारवर्गणायें हैं उनसे अनन्तगुणे विस्रसोपचयरूप कार्माणवर्गणायें हैं उनसे अनन्तगुणे कर्मरूप परिणत कार्माणवर्गणायें हैं। जीवप्रदेशोंसे बाहर अवस्थित अनन्त कार्माणवर्गणायें भी विस्रसोपचयमें आ जाती है और वे भी कर्मरूप परिणत हो जाती हैं। इनमें से आहारवर्गणा जातिके स्कन्ध तो शरीररूप परिणमते हैं सो शरीररूप परिणम कर दृश्य भी हो जाते हैं, कई शरीर अदृश्य भी रहते हैं, किन्तु कार्माणवर्गणा जातिके स्कन्ध कर्मरूप परिणमते हैं और कर्मरूप परिणमकर भी वे अदृश्य रहते हैं।

कर्मका बन्ध करनेके लिए जीवको बाहरसे कर्म नहीं लाने पड़ते हैं

जीवके शुभ व अशुभ परिणामके निमित्तसे जीवके साथ ही विस्रसोपचयरूप से लगी हुई कार्माण वर्गणायें जीवके समस्त प्रदेशोंमें एक क्षेत्रावगाह होकर कर्मरूप परिणतहो जाती हैं। ये कार्माणवर्गणायें एक क्षेत्रावगाही तो पहिले भी थी अब कर्मफलमें निमित्तत्व शक्तिसे (अनुभागसे) सम्पन्न होकर विशिष्टरूपसे एक क्षेत्रावगाही होती हैं, यही कहलाता है तप्तलोहपिण्डजल की तरह सर्व ओरसे कर्मोंका आकर्षण।

बन्ध–विशेषता

प्रकृतिबन्ध ४ प्रकार का होता है—(१) सादिबन्ध, (२) अनादि-बन्ध, (३) ध्रुवबन्ध, (४) अध्रुवबन्ध।

जिस कर्मके बन्धका अभाव होकर फिर वही कर्म बंधे उसे सादिबन्ध कहते हैं। जैसे ज्ञानावरणकर्मका बन्ध उपशमश्रेणिमें ग्यारहवें गुणस्थानमें नहीं रहा, फिर दशवेंमें गुणस्थानमें आने पर बन्ध होने लगता है सो ग्यारहवेंके बाद आये हुए दशम गुणस्थानमें ज्ञानावरणका बन्ध सादिबन्ध है।

जिस कर्मके बन्धका कभी अभाव नहीं हुआ है उसका बन्ध अनादि-बन्ध है। जैसे जो श्रेणीपर नहीं चढ़ा उसके ज्ञानावरणका बन्ध अनादिबन्ध है याने दशवें गुणस्थान तक ज्ञानावरण अनादिबन्ध है।

जिस बन्धका आदि तथा अन्त न हो वह ध्रुवबन्ध है। जैसे अभव्य जीवका बन्ध।

जिस बन्धका अन्त आ जावे वह अध्रुवबन्ध है। जैसे भव्य जीवका बन्ध।

मूल कर्मप्रकृतियोंमें बन्धप्रकारोंका विवरण

ज्ञानावरण—	सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुवबन्ध
दर्शनावरण—	सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुवबन्ध
वेदनीय—	× अनादि, ध्रुव, अध्रुवबन्ध
मोहनीय—	सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुवबन्ध
आयुकर्म—	सादि, ×, ×, अध्रुवबन्ध

न मकर्म	सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुवबन्ध
गोत्रकर्म	सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुवबन्ध
अन्तराय कर्म	सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुवबन्ध

कर्मकी उत्तर प्रकृतियोंमें बन्धप्रकारोंका विवरण

बन्ध योग्य १२० प्रकृतियोंमेंसे ४७ तो ध्रुवबन्धी प्रकृतियाँ कहलाती है। यहाँ ध्रुवबन्धका तात्पर्य है कि जब तक इन प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति नहीं होती तब तक इनका निरन्तर बन्ध होता रहता है। ७३ प्रकृतियाँ अध्रुवबन्धी प्रकृतियाँ हैं इनका किसी समय बन्ध होता है और किसी समय किसीका बन्ध नहीं भी होता है।

ध्रुवबन्धी ४७ प्रकृतियाँ—ज्ञानावरण ५, दर्शनावरण ९, अन्तराय ५ मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी क्रोध आदि १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्माण, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, वर्ण, रस, गन्ध, स्पर्श। इन ध्रुवबन्धी प्रकृतियोंका सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुव चारों प्रकारका बन्ध होता है।

अध्रुवबन्धी ७३ प्रकृतियाँ—वेदनीय २, हास्य, रति, अरति, शोक, पुरुषवेद, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, आयु ४, गति ४, जाति ५, औदारिकशरीर, वैक्रियकशरीर, आहारक शरीर, औदारिक अङ्गोपाङ्ग, वैक्रियक अङ्गोपाङ्ग, आहारक अङ्गोपाङ्ग, संस्थान ६, संहनत ६, आनुपूर्व्य ४, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, विहायोगति २, त्रसादि ९, स्थावरादि ९, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, तीर्थङ्कर उच्चगोत्र, नीच गोत्र। इन ७३ अध्रुवप्रकृतियोंका सादि व अध्रुव दो ही प्रकारका बन्ध होता है।

अध्रुवबन्धी ७३ प्रकृतियाँ—वेदनीय २, हास्य, रति, अरति, शोक, पुरुषवेद, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, आयु ४, गति ४, जाति ५, औदारिकशरीर, वैक्रियकशरीर, आहारक शरीर, औदारिक अङ्गोपाङ्ग, वैक्रियक अङ्गोपाङ्ग, आहारक अङ्गोपाङ्ग, संस्थान ६, संहनन ६, आनुपूर्व्य ४, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, विहायोगति २, त्रसादि, ९ स्थावरादि ९, यशःकीर्ति,

अयशःकीर्ति, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र, नीचगोत्र। इन ७३ अध्रुव प्रकृतियोंका सादि व अध्रुव दो ही प्रकारका बन्ध होता है।

अध्रुवबन्धी ७३ प्रकृतियोंमें ११ प्रकृतियाँ तो अप्रतिपक्षी हैं, याने इनकी कोई विरोधी प्रकृति नहीं है सो जिस समय इनका बन्ध होता है वह होता ही है,यदि नहीं होवे तो नहीं होता। वे अप्रतिपक्षी अध्रुव बन्धी ११ प्रकृतियाँ ये हैं—तीर्थङ्कर, आहारकशरीर, आहारकांङ्गोपाङ्ग, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, आयु ४।

अध्रुवबन्धी ७३ प्रकृतियोंमें से अप्रतिपक्षी ११ प्रकृतियोंको छोड़कर शेष ६२ प्रकृतियां सप्रतिपक्षी हैं। इनकी विरोधी प्रकृतिका बन्ध होनेके समय इनका बन्ध नहीं होता। जैसे असातावेदनीयका बन्ध होनेपर सातावेदनीयका बन्ध नहीं होता, सातावेदनीयका बन्ध होनेपर असातावेदनीयका बन्ध नहीं होता। इसी प्रकार शेष प्रकृतियोंमें यथायोग्य लगा लेना।

कर्म प्रकृतियोंके प्रकार

कर्म प्रकृतियोंके ४ प्रकार हैं–(१) जीवविपाकी, (२) पुद्गलविपाकी, (३) भवविपाकी, (४) क्षेत्रविपाकी।

जीवविपाकी प्रकृति उन्हें कहते हैं जिनका फल जीवमें हो। जीवविपाकी प्रकृतियाँ ७८ हैं—ज्ञानावरण ५, दर्शनावरण ९, मोहनीय २८, अन्तराय ५, वेदनीय २, गति ४, जाति ५, उच्छ्वास, विहायोगति २, त्रस स्थावर, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्ति, अपर्याप्ति, सुभग, दुर्भग, सुस्वर, दुःस्वर, आदेय, अनादेय, यश.कीर्ति, अयशःकीर्ति, तीर्थङ्कर, गोत्रकर्म २।

पुद्गलविपाकी प्रकृति उन्हें कहते हैं जिनका फल पुद्गलमें हो। पुद्गलविपाकी प्रकृतियाँ ६२ हैं—शरीर ५, अंगोपांग ३, बन्धन ५, संघात ५ संस्थान ६, संहनन ६, वर्ण ५, रस ५, गन्ध २, स्पर्श ८, निर्माण, आतप, उद्योत, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, प्रत्येक, साधारण, अगुरुलघु, उपघात परघात।

भवविपाकी प्रकृति उन्हें कहते हैं जिनका फल नारकादिक पर्यायोंके

होनेमें हो। भवविपाकी प्रकृतियाँ ४ हैं—(१) नरकायु, (२) तिर्यगायु, (३) मनुष्य'यु, (४) देवायु।

क्षेत्रविपाकी प्रकृतियाँ उन्हें कहते हैं जिनका फल परलोक को गमन करते हुए जीवके मार्गमें (विग्रहगतिमें) हो। क्षेत्रविपाकी प्रकृतियां ४ हैं—(१) नरकगत्यानुपूर्वी, (२) तिर्यग्गत्यानुपूर्वी, (३) मनुष्यगत्यानुपूर्वी, (४) देवगत्यानुपूर्वी।

गुणस्थानानुसार बन्ध व्युच्छित्ति

बन्धवियोगको बन्धव्युच्छित्ति कहते हैं। जिस गुणस्थानमें जिन प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति कही जावे उसका अर्थ यह है कि इन प्रकृतियोंका बन्ध इस गुणस्थान तक होता है आगेके गुणस्थानोंमें नहीं होता। इनका स्मरण रखनेके लिए गोम्मटसार की कुछ गाथायें दी जा रही हैं उन्हें याद करनेसे अध्ययनमें सुगमता रहेगी।

गुणस्थानोंमें बन्धव्युच्छित्तिकी संख्या—

सोलस पणवीस णभं दस चउ छक्केक्कबन्ध वोच्छिण्णा दुग तीस चदुरपुव्वे पण सोलस जोगिणो एक्कं ॥

पहिले गुणस्थानमें १६, दूसरेमें २५, तीसरेमें २०, चौथेमें १०, पांचवेमें ४, छटमें ६, सातवेमें १, आठवेमें ५६, नवमेमें ५, दसवेमें १६, तेरहवेंमें १ प्रकृतिकी बन्धव्युच्छित्ति होती है।

प्रथम गुणस्थानमें बन्धव्युच्छिन्न प्रकृतियोंके नाम—

मिच्छ हुंडसंढासंपत्तेयक्खथावरादावं।
सुहुमतियं वियलिंदी णिरयदुणिरयाउगं मिच्छे ॥

मिथ्यात्व, हुडक संस्थान, नपुंसकवेद, असंप्रासृप्टपाटिका संहनन, एकेन्द्रिय, स्थावर, आताप, सूक्ष्म अपर्याप्ति, साधारण, दोइन्द्रिय, तीनइन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, नरकगति, नरकगत्यानुपूर्वी, नरकायु इन १६ प्रकृतियों की बन्धव्युच्छिति मिथ्यात्व गुणस्थानमें होती है।

सासादन गुणस्थानमें बन्धव्युच्छिन्न प्रकृतियोंके नाम—

विदियगुणे अणथीणतिदुभगतिसंठाणसंहदिचउक्कं ।
दुग्गमणित्थी णीचं तिरियदुगुज्जोवतिरियाऊ ॥

अनन्तानुबन्धी क्रोध मान माया लोभ,स्त्यानगृद्धि, निद्रानिद्रा, प्रचला-प्रचला, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, बीचके चार संस्थान, बीचके चार संहनन, अप्रशस्तविहायोगति, स्त्रीवेद, नीचगोत्र, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी,उद्योत, तिर्यगायु इन २५ प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति सासादनसम्यक्त्व गुणस्थानमें होती है।

चौथे व पाँचवे गुणस्थानमें बन्धव्युच्छिन्न प्रकृतियां—

अयदे विदियकसाया वज्जं ओरालमणुदमणवाऊ ।
देसे तदियकसाया णियमेणिह बन्धवोच्छिण्णा ॥

अविरतसम्यक्त्व गुणस्थानमें अप्रत्याख्यानावरण ४,वज्रवृषभनाराच-संहनन औदारिकद्विक, मनुष्यद्विक, मनुष्यायु इन १० प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होती है।

देशविरत गुणस्थानमें प्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ इन चार प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होती है।

छटे सातवे गुणस्थानमें बन्धव्युच्छिन्न प्रकृतियाँ—

छट्ठे अथिरं असुहं असादमजसं च अरदि सोगं च ।
अपमत्ते देवाऊ णिट्ठवणं चेव अत्थित्ति ॥

प्रमत्तविरत गुणस्थानमें अस्थिर, अशुभ, असातावेदनीय, अयशःकीर्ति अरति, शोक इन ६ प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होती है। अप्रमत्तविरत गुणस्थानमें देवायुकी बन्धव्युच्छित्ति होती है।

आठवें गुणस्थानमें बन्धव्युच्छिन्न प्रकृतियां

मरणणम्हि णियट्टीपढमे णिद्दा ताहेव पयलाय ।
छट्ठे भागे तित्थं णिमिणं सग्गमण पंचिंदी ॥
तेजदुहारदुसमचउसुरवण्णागुरुचउक्कतसणवयं ।
चरमे हस्सं च रदी भयं जुगुच्छा य बन्धवोच्छिण्णा ॥

अपूर्वकरण गुणस्थानमें निद्रा, प्रचला, तीर्थंकर, निर्माण, प्रशस्तविहा

योगति, पञ्चेन्द्रिय, तैजसद्विक, आहारकद्विक, समचतुरस्रसंस्थान, देवचतुष्क वर्णचतुष्क, अगुरुचतुष्क, त्रसनवक, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा इन ३६ प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होती है।

नवमें दसवें गुणस्थानमें बन्धव्युच्छिन्न प्रकृतियां—

पुरिस चदुसंजलणं कमेण अणियट्टिपंचभागेसु।
पढमं विग्घं दंसण-चउ जस उच्चं च सुहुमंते॥

अनिवृत्तिकरण गुणस्थानके पाँच भागोंमें क्रमसे पुरुषवेद, संज्वलन क्रोध, संज्वलन मान, संज्वलन माया व संज्वलन लोभ की बन्धव्युच्छित्ति होती है।

सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें ज्ञानावरण ५, अन्तराय ५, दर्शनावरण ४, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र इन १६ प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होती है।

तेरहवें गुणस्थानमें सातावेदनीय (जो कि एक समयकी स्थितिका ही है) की बन्धव्युच्छित्ति होती है।

समस्त प्रकृतियाँ १४८ हैं। उनमें से सम्यग्मिथ्यात्व व सम्यक्प्रकृति का तो बन्ध ही नहीं होता। प्रथमोपशम सम्यक्त्वके परिणामसे मिथ्यात्वके ३ भाग हो जाते हैं मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक् प्रकृति। सो यों इन दो की सत्ता हो जाती है और फिर ये उदयमें आ सकते हैं। बन्धयोग्य १४६ में २६ प्रकृतियोंको गर्भित कर देनेसे १२० बन्धयोग्य हैं, उनकी व्युच्छित्तियाँ कही गई हैं। गर्भित होनेका विधान :—बन्धन ५, संघात ५ ये १० प्रकृतियां ५ शरीरनामकर्ममें गर्भित की गई हैं। वर्ण ५, गन्ध २, रस ५, स्पर्श ८ इन बीसको वर्ण गन्ध रस स्पर्श यों सामान्यरूपसे चार कह कर १६ कम किये हैं।

गुणस्थानानुसार उदयव्युच्छित्ति

उदयवियोगको उदयव्युच्छित्ति कहते हैं जिस गुणस्थानमें जिन प्रकृतियो की उदयव्युच्छित्ति कही जावे उन प्रकृतियोंका उदय उसी गुणस्थान तक सम्भव है, आगेके गुणस्थानोंमें नहीं, यह भाव समझना।

पहिले, दूसरे, तीसरे गुणस्थानमें उदयव्युच्छित्तिकी संख्या—

पण णव इगि सत्तरसं अड पंच च चउर छक्क छच्चेव ।
इगि दुग सोलस तीसं बारस उदये अजोगंता ।।

पहिले गुणस्थानमें ५, दूसरेमें ९, तीसरे में १, चौथेमें १७, पाँचवेमें ८, छटेमें ५, सातवेंमें ४, आठवेंमें ६, नवमेमें ६, दशवेंमें १, ग्यारहवेंमें २ बारहवेंमें १६ तेरहवेंमें ३० व चौदहवेंमें १२ प्रकृतियोंकी उदयव्युच्छित्ति होती है।

प्रथम, द्वितीय, तृतीय गुणस्थानमें उदयव्युच्छिन्न प्रकृतियाँ—

मिच्छे मिच्छादावं सहुमतियं सासणे अणेइन्दी ।
थावरवियलं मिस्से मिस्सं च य उदयवोच्छिण्णा ।।

मिथ्यात्व गुणस्थानमें मिथ्यात्व, आताप, सूक्ष्मत्रिक इन ५ प्रकृतियों की उदयव्युच्छित्ति होती है।

सासादन गुणस्थानमें अनचतुष्क, एकेन्द्रिय,स्थावर, विकलत्रिक इन ९ प्रकृतियोंकी उदयव्युच्छित्ति होती है।

मिश्र गुणस्थानमें सम्यग्मिथ्यात्वकी उदयव्युच्छित्ति होती है।

चतुर्थ गुणस्थानमें उदयव्युच्छिन्न प्रकृतियां—

अयदे विदियकसाया वेगुव्वियछक्क णिरयदेवाऊ ।
मणुयतिरियाणुदुव्वी दुब्भगणादेज्ज अज्जसयं ।।

चतुर्थगुणस्थानमें अप्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ, वैक्रियक षटक्, नरकायु, देवायु, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी, दुर्भग, अनादेय अयशःकीर्ति इन १७ प्रकृतियोंकी उदयव्युच्छित्ति होती है।

पांचवे छटवे गुणस्थानमें उदयव्युच्छिन्न प्रकृतियाँ—

देसे तदियकसावा तिरियाउज्जोवणीचतिरियगदी ।
छट्ठे आहारदुगं थीणतियं उदयवोच्छिण्णा ।।

देसविरत गुणस्थानमें प्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ, तिर्यगायु, उद्योत, नीचगोत्र, तिर्यग्गति इन ८ प्रकृतियोंकी उदयव्युच्छित्ति होती है।

प्रमत्तविरतगुणस्थानमें आहारकद्विक, स्त्यानगृद्धित्रिक, इन पाँच प्रकृतियोंकी उदयव्युच्छित्ति होती है।

७, ८, ९, १० व ११वें गुणस्थानमें उदयव्युच्छिन्न प्रकृतियां—

अपमत्ते सम्मत्तं अंतिमतियसंहदी यऽपुव्वम्हि।
छच्चेव णोकसाया अणियट्टी भागभागेसु ॥
वेदतिय कोह माणं माया संजलणमेव सुहुमंते।
सुहुमो लोहो संते वज्ज णाराय णारायं ॥

अप्रमत्तविरत गुणस्थानमें सम्यक्प्रकृति, अन्तिम ३ संहनन, इन ४ प्रकृतियोंकी उदयव्युच्छित्ति होती है।

अपूर्वकरण गुणस्थानमें ६ नोकषायकी उदयव्युच्छित्ति होती है।

अनिवृत्तिकरणके ६ भागोंमें क्रमशः नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, संज्वलन क्रोध, संज्वलन मान, संज्वलन माया इन ६ प्रकृतियोंकी उदयव्युच्छित्ति होती है।

सूक्ष्म साम्परायगुणस्थानमें संज्वलन (सूक्ष्म) लोभकी उदयव्युच्छित्ति होती है।

उपशान्तमोहगुणस्थानमें वज्रनाराच व नाराच संहनन इन दो प्रकृतियोंकी उदयव्युच्छित्ति होती है।

क्षीणमोह गुणस्थानमें उदयव्युच्छिन्न प्रकृतियां—

खीणकसायदुचरिये णिद्दा पयलाय उदयवोच्छिण्णा।
णाणंतरायदसयं दंसणचत्तारि चरिमम्हि ॥

क्षीणमोह गुणस्थानके उपान्त्य समयमें निद्रा प्रचला और अन्त्य समयमें ज्ञानावरण ५, दर्शनावरण ४, अन्तराय ५ कुल १६ प्रकृतियोंकी उदयव्युच्छित्ति होती है।

सयोगकेवली गुणस्थानमें उदयव्युच्छिन्न प्रकृतियां—

तदियेक्कवज्जणिमिणं थिरसुहसरगदिउरालतेजदुगं
संठाणं वण्णागुरुचउक्कपत्तेय जोगिम्हि

सयोगकेवली गुणस्थानमें वेदनीयकी १, वज्रवृषभनाराच संहनन, निर्माण स्थिरद्विक, शुभद्विक, स्वरद्विक, विहायोगतिद्विक, औदारिकद्विक, तैजसद्विक, संस्थान ६, वर्णचतुष्क, अगुरुचतुष्क, प्रत्येक इन ३० प्रकृतियोंकी उदय-व्युच्छित्ति होती है।

अयोगकेवली गुणस्थानमें उदयव्युच्छिन्न प्रकृतियां—

तदियेक्कं मणुवगदो पंचिंदियसुभगतसतिगादेज्जं
जसतित्थं मणुवाऊ उच्चं च अजोगिचरिमम्हि

अयोगकेवली गुणस्थानमें मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय, सुभग, त्रसत्रिक, आदेय, यशःकीर्ति, तीर्थङ्कर, मनुष्यायु, उच्चगोत्र इन १२ प्रकृतियोंको उदयव्युच्छत्ति होती है।

गुणस्थानानुसार सत्त्वव्युच्छित्ति

सत्त्वके विनाशको सत्त्वव्युच्छित्ति कहते हैं। जिस गुणस्थानमें जिन प्रकृतियोंकी सत्त्वव्युच्छित्ति कही है उन प्रकृतियोंका सत्त्व उसी गुणस्थान तक सम्भव है, आगेके गुणस्थानोंमें नहीं, यह भाव समझना। जो पुरुष मोक्षगामी है उसके जन्मतः ही नरकायु तिर्यगायु देवायुकी सत्ता नहीं है, उसके पहिले गुणस्थानसे ही इनकी सत्ता नहीं है। सम्यक्त्वघातक ७ प्रकृतियोंका चौथे गुणस्थानसे लेकर ७वें गुणस्थान तक यदि क्षायिक सम्यक्त्व उत्पन्न हो तो कहीं भी क्षय हो सकता है।

गुणस्थानोंमें सत्त्वव्युच्छित्ति—

सोलट्ठेक्किगि छक्कं चदुसेक्कं बादरे अदो एक्कं
खीणे सोलसऽजोगे बावत्तरि तेरुवत्तंते

नवमे गुणस्थानमें ३६ (१६+८+१+१+६+१+१+१+१) दशमें गुणस्थानमें १, क्षीणमोह गुणस्थानमें १६, अयोग केवली गुणस्थानमें ८५ (७२+१३) प्रकृतियोंकी सत्त्वव्युच्छित्ति होती है।

नवमें, दसवें, बारहवें गुणस्थानमें सत्त्वव्युच्छिन्न प्रकृतियाँ—

णिरयतिरिक्खदु वियलं थीणतिगुज्जोवताव एइंदी

साहरणसुहुम थावर सोलं मज्झिमकसायछठ्ठं
संढित्थि छक्कसाया पूरिसो कोहो य माण माथं च
थूले सुहुमे लोहो उदयंवा होदि खीणम्हि

अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें पहिले भागमें नरकद्विक, तिर्यग्द्विक, विकलत्रिक, स्त्यानगृद्धित्रिक, उद्योत, आतप, एकेन्द्रिय, साधारण, सूक्ष्म, स्थावर ये १६ द्वितीय भागमें बीचकी आठ कषाय, तीसरे भागमें नपुसंकवेद, चतुर्थ भागमें स्त्रीवेद, पञ्चम भागमें ६ नोकषाय, छटे भागमें पुरुषवेद, सातवें भागमें सज्वलन क्रोध, आठवें भागमें संज्वलन मान, नवमें भागमें सज्वलन माया यों सब ३६ प्रकृतियाँ उदयव्युच्छिन्न होती है।

सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें संज्वलन लोभकी उदयव्युच्छत्ति होती है

क्षीणमोह गुणस्थानमें क्षीणमोहकी उदयव्युच्छित्तिवाली (निद्रा, प्रचला, ज्ञानावरण ५, अन्तराय ५, दर्शनावरण ४) १२ प्रकृतियोंकी उदयव्युच्छत्ति होती है।

अयोगकेवली गुणस्थानमें सत्त्वव्युच्छिन्न प्रकृतियाँ—

देहादी फासंता थिरसुहसरसुविहायदुगदुभगं
णिमिणाजसणादेज्जं पत्तेयापुण्ण अगुरुचऊ ।।
अण्णदयतदियं णीचमजोगिदुचरिमम्हि सत्तवोच्छिण्णा ।
उदयगवारणराणू तेरस चरिमम्हि सत्तवोच्छिण्णा ।।

अयोगकेवली गुणस्थानमें उपान्त्य समयमें शरीरसे स्पर्श पर्यन्त ५० प्रकृतियाँ, स्थिरद्विक, शुभद्विक, स्वरद्विक, देवद्विक, विहायोगतिद्विक, दुर्भग, निर्माण, अयशःकीर्ति, अनादेय, प्रत्येक, अपर्याप्ति, अगुरुलघुचतुष्क, अनुदित वेदनीय १, नीचगोत्र, ये ७२ प्रकृतियाँ तथा अन्य समयमें इसी गुण स्थानकी उदयव्युच्छित्ति वाली १२ व मनुष्यगत्यानुपूर्वी ये १३ प्रकृतियाँ सत्त्वव्युच्छिन्न होती हैं।

कर्मप्रकृतियोंकी प्रवाचना

इस प्रवाचनामें नामके ऊपर तीन संकेत हैं कि किस गुणस्थानमें बन्धव्युच्छित्ति, उदयव्युच्छित्ति व सत्त्वव्युच्छित्ति होती है।

ज्ञानावरण ५

१०—१२—१२ मतिज्ञानावरण,	१०—१२—१२ श्रुतज्ञानावरण,	१०—१२—१२ अवधिज्ञानावरण
१०—१०—१२ मनःपर्ययज्ञानावरण,	१०—१२—१२ केवलज्ञानावरण	

दर्शनावरण ९

१०—१२—१२ चक्षुर्दर्शनावरण,	१०—१२—१२ अचक्षुर्दर्शनावरण	१०—१२—१२ अवधिदर्शनावरण
१०—१२—१२ केवलदर्शनावरण,	८—१२—१२ निद्रा,	२—६—९ निद्रानिद्रा
८—१२—१२ प्रचला,	२—६—९ प्रचलाप्रचला,	२—६—९ स्त्यानगृद्धि

वेदनीय २

१३, १३ या १४, १३ या १४ सातावेदनीय	६, १३ या १४, १३ या १४ असातावेदनीय

मोहनीय २८

१—१—४ से ७, मिथ्यात्व	×—३—४ से ७, सम्यग्मिथ्यात्व,	×—४से ७, ४ से ७ सम्यक्प्रकृति
२—२—४ से ७, अनन्तानुबन्धी क्रोध मान माया लोभ	५—५—९	४—४—९ अप्रत्याख्यानावरण

क्रोध मान माया लोभ, प्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ

९—९—९ ९—९—९ ९—९—९ ९—१०—१०

संज्वलन क्रोध, मान, माया, लोभ

८—८—९ ८—८—९ ९—८—९ ९—८—९

हास्य, रति, अरति, शोक

८—८—९ ८—८ ९ ९—९—९ २—९—९ १—९—९

भय, जुगुप्सा, पुरुषवेद, स्त्रीवेद, नपुसंकवेद

आयुकर्म ४

१—४—४ १—५—५ ४—१४—१४ ७—४—११

नरकायु, तिर्यंगायु, मनुष्यायु, देवायु

नामकर्म ९३

१—४—९ २—५—९ ४—१४—१४ ८—४—१४

नरकगति, तिर्यंग्गति मनुष्यगति देवगति

१—२—९ १—२—९ १—२—९ १—२—९ ८—१४—१४

एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय

४—१३—१४ ८—४—१४ ७—६—१४

औदारिकशरीर वैक्रियकशरीर आहारकशरीर

८—१३—१४ ७—१३—१४

तजस शरीर, कार्मणशरीर,

४—१३—१४ ८—४—१४ ७—६—१४

औदारिकाङ्गोपाङ्ग, वैक्रियकाङ्गोपाङ्ग, आहारकाङ्गोपाङ्ग

४—१३—१४ ८—४—१४

औदारिकशरीरबन्धन, वैक्रियकशरीरबन्धन

७—६—१४ ८—१३—१४

आहारकशरीरबन्धन, तैजसशरीर बन्धन

८—१३—१४ ४—१३—१४ ८—४—१४

कार्मणशरीरबन्धन, औदारिकशरीरसंघात, वैक्रियकशरीरसंघात

७—६—१४ ८—१३—१४ ८—१३—१४

आहारकशरीरसंघात, तैजसशरीरसंघात, कार्मणशरीरसंघात

८-१३-१४	२-१३-१४	२-१३-१४
समचतुरस्रसंस्थान,	न्यग्रोधपरिमण्डलसंस्थान,	स्वातिसंस्थान
२-१३-१४	२-१३-१४	१-१३-१४
कुब्जक संस्थान,	वामनसंस्थान,	हुण्डकसंस्थान
४-१३-१४	२-११-१४	२-११-१४
वज्रर्षभनाराचसंहनन,	वज्रनाराचसंहनन,	नाराचसंहनन
२-७-१४	२-७-१४	१-७-१४
अर्द्धनाराचसंहनन,	कीलकसंहनन,	असंप्राप्तसृपाटिकासंहनन

८-१३-१४	८-१३-१४	८-१३-१४	८-१३-१४
कृष्णवर्ण,	नीलवर्ण,	रक्तवर्ण,	पीतवर्ण
८-१३-१४	८-१३-१४	८-१३-१४	८-१३-१४
श्वेतवर्ण,	सुरभिगन्ध,	दुरभिगन्ध,	तिक्तरस,
८—१३—१४	८—१३—१४	८—१३—१४	८—१३—१४
कटुकरस,	कषायितरस,	आम्लरस,	मधुररस
८—१३—१४	८—१३—१४	८—१३—१४	८—१३—१४
कर्कशस्पर्श,	मृदुस्पर्श,	गुरुस्पर्श,	लघुस्पर्श
८—१३—१४	८—१३—१४	८—१३—१४	८—१३—१४
शीतस्पर्श,	उष्णस्पर्श,	स्निग्धस्पर्श,	रूक्षस्पर्श
१—४—६	२—४—६	४—४—१४	
नरकगत्यानुपूर्वी,	तिर्यग्गत्यानुपूर्वी,	मनुष्यगत्यानुपूर्वी	
८—४—१४	८—१३—१४	८—१३—१४	८—१३—१४
देवगत्यानुपूर्वी,	अगुरुलघु,	उपघात,	परघात
८—१३—१४	१—१—६	२—५—६	८—१३—१४
उच्छ्वास,	आतप,	उद्योत,	प्रशस्तविहायोगति
२—१—१४	८—१४—१४	८—१४—१४	
अप्रशस्तविहायोगति,	त्रसनामकर्म,	बादर	

८–१४–१४	८–१३–१४	८–१३–१४	८–१३–१४
पर्याप्ति,	प्रत्येकशरीर,	स्थिर,	शुभ
७–१४–१४	८–१४–१४	९–१४–१४	१०–१४–१४
सुभग,	सुस्वर,	आदेय,	यशःकीर्ति
८–१३–१४	८–१३–१४	१–२–९	१–१–९
निर्माण,	तीर्थंकर,	स्थावर,	सूक्ष्म
१—१—९	१—१—९	६—१३—१४	६—१३—१४
अपर्याप्ति,	साधारण,	अस्थिर,	अशुभ
२—४—१४	२—१३—१४	२—४—१४	६—४—१४
दुर्भग,	दुःस्वर,	अनादेय,	अयशःकीर्ति

गोत्रकर्म २

१०—१४—१४	२—५—१४
उच्चगोत्र,	नीचगोत्र

अन्तरायकर्म ५

१०—१२—१२	१०—१२—१२	१०—१२—१२
दानान्तराय,	लाभान्तराय,	भोगान्तराय,
१०—१२—१२	१०—१२—१२	
उपभोगान्तराय,	वीर्यान्तराय	

बन्ध व्युच्छित्तिकी प्रवाचना

सोलस पणवीस णभं दस चउ छक्केक्क बन्धवोच्छिण्णा ।
दुग तीस चदुरपुव्वे पण सोलस जोगिणो एक्को ॥
मिच्छत्तहुडसढासपत्तोयक्खथावरादाव ।
सुहुमतिय वियलिंदी णिरयदुणिरयाउगं मिच्छे ॥
विदियगुणे अणथीणतिदुभगतिसंठाणसंहदिचउक्कं ।
दुग्गमणित्थीणीचं तिरियदुगुज्जोवणिरियाऊ ॥
अयदे विदियकसाया वज्ज ओरालमणुदुमणुवाऊ ।

देसे तदियकसाया णियमेणिह बन्धवोच्छिण्णा ॥
छट्ठे अथिरं असुहं असादमजसं च अरदिसोगं च ।
अपमत्तो देवाऊ णिट्ठवगं चेव अत्थित्ति ॥
मरणूणम्हि णियट्टीपढमे णिद्दा तहेव पयला य ।
छट्ठे भागे तित्थं णिमिणं सग्गमणपंचिंदी ॥
तेजदुहारदु समचउसुरवण्णागुरुचउक्क तसणवय ।
चरसे हस्सं चरदी भयं जुगुच्छा य बन्धवोच्छिण्णा ॥
पुरिसं चदुसंजलणं कमेण अणियट्टिचभागेसु ।
पढम विग्घं दंसण चउ जस उच्चं च सुहुमंते ॥
उवसंत खीणमोहे जोगिम्मि य समयठिदुदी साद ।
णायव्वो पयडीणं बन्धस्संतो अणंतो य ॥

उदयव्युच्छित्तकी प्रवाचना

पण णव इगि सत्तरसं अड पंच च चउर छक्क छच्चेव ।
इगि दुग सोलस तीस बारस उदये अजोगंता ॥
मिच्छे मिच्छादावं सुहुमतियं सासणे अणे इंदी ।
थावर वियलं मिस्से, मिस्स च य उदयवोच्छिण्णा ॥
अयदे बिदियकसाया वेगुब्बियछक्कणिरयदेवाऊ ।
मणुयतिरियाणुपुव्वी दुब्भगणादेज्ज अज्जसयं ॥
देसे तदियकसाया तिरियाउज्जोवणीचतिरियगदी ।
छट्ठे आहारदुगं थीणतिय उदयवोच्छिण्णा ॥
अपमत्ते सम्मत्तं अंतिमतियसंहदी यऽपुव्वम्हि ।
छच्चेव णोकसाया अणियट्टीभागभागेसु ॥
वेदतिय कोहमाणं माया संजलणमेव सुहुमते ।
सुहुमो लोहो संते, वज्जणारायणारायं ॥
खीणकसायदुचरिमे णिद्दा पयलयि उदयवोच्छिण्णा ।
णाणंतरायदसयं दसणचत्तारि चरिमम्हि ॥

तदियेक्कवज्जणिमिणं थिरसुहसरगदिउरालतेजदुगं ।
संठाणं वण्णागुरुचउक्क पत्तेय जोगिम्हि ॥
तदियेक्कं मणुवगदी पंचिंदियसुभगतसतिगादेज्जं ।
जसतित्थं मणुवाऊ उच्चं च अजोगिचरिमम्हि ॥

सत्त्वव्युच्छित्तिकी प्रवाचना

णिरयतिरिक्खसुराउगसत्तो णहि देससयलखवगा ।
अयदचउक्कं तु अणं अणियट्टीकरणचरिमम्हि ॥
जुगवं संजोगित्ता पुणोवि अणियट्टिकरणबहुभागं ।
बोलिय कमसो मिच्छं मिस्सं सम्मं खवेदि कमे ॥
सोल्लट्ठेक्कगि छक्कं चदुसेक्कं बादरे अदो एक्कं ।
खीणे सोलसऽजोगे बायत्तरि तेरुवत्तीते ॥
णिरयतिरिक्खदु वियलं थीणतिगुज्जोवतावएइंदी ।
साहरणसुहुमथावर सोलं मज्झिमकसायट्ठं ॥
संढित्थि छक्कसाया पुरिसो कोहो य माण मायं च ।
थूले सुहुमे लोहो, उदयं वा होदि खीणम्हि ॥
देहादी फस्संता थिरसुहसरसुरविहायदुग दुभगं ।
णिमिणाजसणादेज्जं पत्तेयापुण्ण अगुरुचऊ ॥
अणुदयतदियं णीचमजोगिदुचरिमम्हि सत्तवोच्छिण्णा ।
उदयगवार णराणू तेरस चरिमम्हि वोच्छिण्णा ॥

मार्गणाओंमें कर्मस्थान घटित करनेके लिये कुछ ज्ञातव्य

१—चतुर्थ गुणस्थानसे लेकर अपूर्वकरण गुणस्थानके छठे भाग तकके मनुष्य ही केवली श्रुतकेवलीके निकट तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध कर सकते हैं। (सम्मेव तित्थबन्धो)

२—अप्रमत्तविरतसे लेकर अपूर्वकरण गुणस्थानके छठे भाग तकके मुनि ही आहारक शरीर व आहारकाङ्गोपाङ्गका बन्ध कर सकते हैं। (आहारदुग पमादरहिदेसु)

३—मिश्रगुणस्थानमें निर्वृत्यपर्याप्तकके मिश्रकाययोगमें किसी भी आयुका बन्ध नहीं होता है। (मिस्सूणे आउस्सय)

४—नरकगतिमें एकेन्द्रिय, स्थावर, आतप, सूक्ष्मत्रिक, विकलत्रिक, नरकद्विक, नरकायु, सुरचतुष्क, देवायु, आहारकद्विक ये १९ प्रकृतियाँ बन्ध के अयोग्य हैं। (उवरिम वारस सुरचउसुराउ आहारयमबधा)

५—पहिले नरकमें पर्याप्त अपर्याप्त दोनों अवस्थाओंमें तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध सम्भव है। (घम्मे तित्थ बधाद)

६—चौथे, पाचवे, छठे, सातवें नरकमें तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध कभी भी सम्भव नहीं है, अतः इन नरकोंमें तीर्थङ्कर प्रकृति भी बन्धके अयोग्य है

७—दूसरे तीसरे नरकमें पर्याप्त जीवके ही तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध सम्भव हैं, अपर्याप्तके नहीं। वंसामेघाण पुण्णगोचेव)

८—सातवें नरकमें तिर्यंगायुका ही बन्ध होता है, अतः मनुष्यायु भी बन्धके अयोग्य है। (छट्ठोत्ति य मणुवाऊ) तथा

सातवें नरकमें तीसरे चौथे गुणस्थानमें ही उच्चगोत्र व मनुष्यद्विक का बन्ध है, पहिले दूसरे गुणस्थानमें नहीं। (मिच्छा सासणसम्मा मणुवदुगुच्चं ण बधति)

९—सातवें नरकमें अपर्याप्तमें तीर्थङ्कर, मनुष्यायु उच्चगोत्र, मनुष्यद्विक व तिर्यंगायु ये ६ प्रकृतियाँ भी बन्धके अयोग्य हैं।

१०—तिर्यञ्चगतिमें तीर्थङ्कर व आहारकद्विक बन्धके अयोग्य हैं। (तिरिये ओघो तित्थाहारूणो)

११—तिर्यञ्चगतिके निर्वृत्यपर्याप्तमें तीर्थङ्कर, आहारकद्विक, आयु ४, नरकद्विक ये ९ प्रकृतियां बन्धके अयोग्य हैं।

१२—तिर्यञ्चगति व मनुष्यगतिमें तीसरे आदि गुणस्थानमें तिर्यञ्च व मनुष्यगति सम्बन्धित प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता है, इस कारण चौथे गुणस्थानमें कही गई १० बन्धव्युच्छिन्न प्रकृतियोंमें से वज्रवृषभनाराचसंहनन, औदारिकद्विक, मनुष्यद्विक, मनुष्यायु इन ६ प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति

दूसरे गुणस्थानमें हो जाती है सो दूसरे गुणस्थानमें २५+६=३१ बन्ध-व्युच्छिन्न हो जाती हैं। (अविरदे छिदी चउरो। उवरिमछण्ह च छिदी सासणसम्मे हवे णियमा)।

१३—लब्धपर्याप्त तिर्यञ्च, मनुष्य, एकेन्द्रिय, दोइन्द्रिय, तीनइन्द्रिय चारइन्द्रिय व पंचेन्द्रियमें तीर्थङ्कर, आहारकद्विक, देवायु, नरकायु, वैक्रियक षट्क ये ११ प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं। (सुरणिरयाउ अपुण्णे वेगुव्वेय-छक्कमवि णत्थि)

१४—निर्वृत्यपर्याप्त सामान्य, पर्याप्त, मानुषीमें आयु ४, नरक-द्विक, आहारकद्विक, ये ८ प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं।

१४—देवगतिमें सूक्ष्मत्रिक, विकलत्रिक, नरकद्विक, नरकायु, सुर-चतुष्क, देवायु, आहारकद्विक ये १६ प्रकृतियां बन्धके अयोग्य हैं।

१६—भवनत्रिकमें व कल्पवासिनी देवियोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिभी बन्ध के अयोग्य है। (भवणतिये णत्थि तित्थयरं, कप्पिए सुण तित्थं)

१७—निवृत्यपर्याप्त भवनत्रिक व कल्पवासिनी देवियोंमें तिर्यगायु व मनुष्यायु भी बन्धके अयोग्य है।

१८—दूसरे स्वर्गसे ऊपरके देवोंमें स्थावर, एकेन्द्रिय, आतप भी बन्धके अयोग्य है।

१९—१२वें स्वर्गसे ऊपरके देवोंमें शतारचतुष्क भी बन्धके अयोग्य है। (सदरसस्साहरगोत्ति तिरियदुगं तिरियाऊ उज्जोवो)

२०—प्रथमसे १२वें स्वर्ग तक निर्वृत्यपर्याप्तमें तिर्यगायु, मनुष्य यु भी बन्धके अयोग्य हैं।

२१—बारहवें स्वर्गसे ऊपरके निर्वृत्यपर्याप्त देवोंमें मनुष्यायु भी बन्धके अयोग्य है।

२२—अनुदिश व अनुत्तरविमानवासी देवोंमें प्रथमद्वितीयतृतीयगुण-स्थानबन्धव्युच्छिन्न ४१, सुरचतुष्क, देवायु, आहारकद्विक ये ४८ प्रकृतियां बन्धके अयोग्य हैं।

२३—एकेन्द्रिय, दीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रियमें तीर्थंकर, आहारकद्विक, देवायु, नरकायु, वैक्रियकषट्क ये ११ प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं। (सुरणिरयाउ अपुण्णे बेगुव्वियछक्कमवि णत्थि)

२४—एकेन्द्रिय, दीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके निर्वृत्यपर्याप्त अवस्थामें ही दूसरा गुणस्थान पहिलेके संज्ञी पञ्चेन्द्रियके भवकी लगार वाला सम्भव है सो वह भी पर्याप्त होनेसे पहिलेही अपर्याप्तमें समाप्त हो जाता है।

२५—अग्निकाय व वायुकायमें मनुष्यद्विक, मनुष्यायु व उच्चगोत्र ये ४ प्रकृतियाँ भी बन्धके अयोग्य हैं। (मणुवदुगमणुवाऊ उच्चं णहि तेउवाउम्हि)

२६—औदारिक मिश्रकाययोगमें नरकायु, देवायु, आहारकद्विक व नरकद्विक ये ६ प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं।

२७—औदारिक मिश्रकाययोगमें देवचतुष्कका बन्ध पहिले दूसरे गुण स्थानमें न होकर चौथे गुणस्थानमें ही होता है, यही बात तीर्थंकर प्रकृति बन्धकी है जो आम नियमसे सिद्ध है।

२८—वैक्रियकमिश्रकाययोगमें देवगतिकी बन्धायोग्य १६, मनुष्यायु, तिर्यंगायु ये १८ प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं।

२९—कार्माणकाययोग व अनाहारकमें आयु ४, आहारकद्विक नरकद्विक ये ८ प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं।

३०—अपगतवेदमें ८ गुणस्थान तककी बन्धव्युच्छिन्न ९८ व पुरुषवेद ये ९९ प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं।

३१—पुरुषवेदनिर्वृत्यपर्याप्तमें आयु ४, आहारकद्विक, नरकद्विक ये ८ प्रकृतियां बन्धके अयोग्य हैं।

३२—स्त्रीवेद निर्वृत्यपर्याप्तमें आयु ४, आहारकद्विक, तीर्थंकर, वैक्रियकषट्क ये १२ प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं।

३३—नपुंसकवेद, निर्वृत्यपर्याप्तमें आयु ४, आहारकद्विक, वैक्रियक-

षट्क ये १२ प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं।

३४—क्षायिक सम्यग्दृष्टि तीर्थङ्करप्रकृतिकबन्धक यदि पूर्वबद्ध आयुवश प्रथम नरकमें जन्म लेता है तो उस नरकमें नपुंसकवेद निर्वृत्यपर्याप्तमें भी तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध होता रहता हैं।

३५—कृष्ण, नील लेश्यामें तीर्थंकर, आहारकद्विक ये ३ प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं। यदि कृष्ण नील लेश्यामें किसीके तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध सम्भव हो तो उस कृष्ण नील लेश्यामें केवल आहारकद्विक बन्धके अयोग्य हैं वहाँ रचना कपोत लेश्यावत् जानना।

३६—कपोत लेश्यामें आहारकद्विक बन्धके अयोग्य हैं।

३७—पीतलेश्यामें मिथ्यात्व गुणस्थानव्युच्छिन्न अन्तिम ९ प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं। (मिच्छस्सतिम णवयं ण)

३८—पद्मलेश्यामें मिथ्यात्वगुणस्थानव्युच्छिन्न अन्तिम १२ प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं। (मिच्छस्संतिम वारं ण)

३९—शुक्ललेश्यामें मिथ्यात्वगुणस्थानव्युच्छिन्न अन्तिम १२ प्रकृतियाँ व शतारचतुष्क ये १६ प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य है। (सुक्के सदरचउक्कं वामतिमवारसं च णवि अत्थि)

४०—अभव्यमें तीर्थंकर आहारकद्विक ये तीन प्रकृतियां बन्धके अयोग्य हैं।

४१—उपशमसम्यक्त्वमें प्रथमद्वितीयगुणस्थानव्युच्छिन्न ४१, मनुष्यायु देवायु ये ४३ प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं। (सव्वुवणम्मे णरसुर आऊणि णत्थि णियमेण)

४२—आहारकद्विकका उदय छठे गुणस्थानमें ही होता है।

४३—तीर्थंकर प्रकृतिका उदय १३वें, १४वें गुणस्थानमें ही होता है।

४४—सम्यक्प्रकृतिका उदय चौथे गुणस्थानसे लेकर ७वें गुणस्थान तक क्षयोपशमसम्यग्दृष्टिके ही होता है।

४५—सासादन गुणस्थानमें मर कर जीव नरकगतिमें जन्म नहीं

लेता, इस कारण दूसरे गुणस्थानमें नरकगत्यानुपूर्वी का उदय नहीं होता।

४६–आतप नामकर्मका उदय बादर पृथ्वीकायिक जीवके ही होता है

४७–उद्योत नामकर्मका उदय अग्नि, वायु व साधारण वनस्पतिको छोड़कर अन्य बादर पर्याप्त तिर्यञ्चके होता है।

४८–नरकगतिमें स्त्यानगृद्धित्रिक, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, स्थावरद्विक, तिर्यग्द्विक, आतपद्विक, एकेन्द्रिय, विकलत्रिक, साधारण, मनुष्यायु, देवायु, तिर्यगायु, मनुष्यद्विक, उच्चगोत्र, देवद्विक, प्रशस्तविहायोगति, तीर्थंकर, अपर्याप्ति, संहनन ६, औदारिकद्विक, आहारकद्विक, आदिके ६ संस्थान, सुभगचतुष्क ये ४६ प्रकृतियां बन्धके अयोग्य हैं।

४९—तिर्यग्गतिमें देवायु, नरकायु, मनुष्यायु, उच्चगोत्र, मनुष्यद्विक आहारकद्विक, वैक्रियकषट्क, तीर्थंकर ये १५ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं। (तिरिये ओघो सुरणरणिरयाऊ उज्ज मणदुहारदुगं। वेगुब्ब)

५०—पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चमें स्थावर, सूक्ष्म, साधारण, आतप, एकेन्द्रिय, विकलत्रिक तथा तिर्यग्गतिकी उदययोग्य १५ ये २३ प्रकृतियाँ उदय के अयोग्य हैं। (थावरदुगसाहारणताविगिविगलूण ताणि पंचक्ख)

५१–पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त तिर्यंञ्चमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चकी उदययोग्य ७३ व स्त्रीवेद, अपर्याप्ति ये २५ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं। (इत्थिअपज्जत्तूणा ते पुण्णे उदयपपडीओ)

५२—योनिमती तिर्यञ्चमें पन्चेन्द्रिय तिर्यन्चकी उदययोग्य २३, पुरुषवेद, नपुसंकवेद व अपर्याप्ति ये २६ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

५३–लब्धपर्याप्ति पन्चेन्द्रिय तिर्यन्चमें पन्चेन्द्रिय तिर्यञ्चकी उदययोग्य २३ व पर्याप्ति, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, स्त्यानत्रिक, परघातद्विक, उद्योत, स्वरद्विक, गमनद्विक, यशःकीर्ति, आदेय, आदिके ५ संस्थान, आदिके ५ सहनन, सुभग, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्प्रकृति ये ५१ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

५४—भोगभूमिज तिर्यञ्चोंमें स्थावर, सूक्ष्म, मनुष्यद्विक, आतप,

एकेन्द्रिय, विकलत्रिक, साधारण, नरकायु, मनुष्यायु, देवायु, वैक्रियकषट्क दुर्भगचतुष्क, उच्चगोत्र, नपुंसकवेद, स्त्यानत्रिक, अप्रशस्तविहायोगति, तीर्थङ्कर, अपर्याप्ति, अन्तिम ५ सस्थान, अन्तिम ५ संहनन, आहारकद्विक ये ४३ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

५५—मनुष्यगतिमें स्थावरद्विक, तिर्यग्द्विक, आतपद्विक, एकेन्द्रिय, विकलत्रिक, साधारण, नरकायु तिर्यंगायु, देवायु, वैक्रियकषट्क ये २० प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

५६—पर्याप्त मनुष्यमें मनुष्यगतिकी उदयायोग्य २०, स्त्रीवेद, अपर्याप्ति ये २२ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

५७—मानुषीमें मनुष्यगतिकी उदयायोग्य २०, अपर्याप्ति, तीर्थंकर, आहारकद्विक, पुरुषवेद, नपुसंकवेद ये २६ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

५८—निर्वृत्य पर्याप्त सामान्य मनुष्यमें मनुष्यगतिकी उदयायोग्य २० व सम्यग्मिथ्यात्व, अपर्याप्ति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी ये २३ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

५९—लब्धपर्याप्त मनुष्यमें मनुष्यगतिकी उदयायोग्य २०, उच्चगोत्र, आहारकद्विक, तीर्थंकर, पर्याप्ति, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, स्त्यानत्रिक, परघातद्विक स्वरद्विक, गमनद्विक, यशःकीर्ति, आदेय, आदिके ५ संस्थान, आदिके ५ सहनन, सुभग, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्प्रकृति ये ५१ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य है

६०—भोगभूमिज मनुष्यमें मनुष्यगतिकी उदयायोग्य २०, दुर्भगचतुष्क, नीचगोत्र, नपुंसकवेद, स्त्यानत्रिक, अप्रशस्तविहायोगति, तीर्थंकर, अपर्याप्ति, अन्तिम ५ संस्थान, अन्तिम ५ संहनन, आहारकद्विक ये ४४ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं।

६१—देवगतिमें स्थावरद्विक, तिर्यग्द्विक, आतपद्विक, एकेन्द्रिय, विकलत्रिक, साधारण, नरकायु, मनुष्यायु, तिर्यंगायु, मनुष्यद्विक नरकद्विक, दुर्भगचतुष्क, नीचगोत्र, नपुंसकवेद, स्त्यानत्रिक, अप्रशस्तविहायोगति, तीर्थंकर, अपर्याप्ति, संहनन ६, आहारकद्विक, औदारिकद्विक, अन्तके ५

संस्थान ये ४५ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

६२-देवमें स्त्रीवेदका उदय नहीं, देवाङ्गनामें पुरुषवेदका उदय नहीं, अतः देवमें या देवीमें अलग अलग लगाया जावे तो ४६ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं।

६३—अनुदिश और अनुत्तरोंमें देवगति सम्बन्धी उदयायोग्य ४५, स्त्रीवेद, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी ४, मिश्रप्रकृति ये ५२ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

६४—एकेन्द्रियमें सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्प्रकृति, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नरकायु, मनुष्यायु, देवायु, वैक्रियकषट्क, विकलत्रिक, आहारकद्विक, औदारिकाङ्गोपाङ्ग आदिके ५ संस्थान, संहनन ६, मनुष्यद्विक, विहायोगतिद्विक, त्रस, स्वरद्विक, तीर्थंकर, उच्चगोत्र पचेन्द्रिय, सुभग, आदेय, ये ४२ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

६५—द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रियमें सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्प्रकृति स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नरकायु, मनुष्यायु, देवायु, वैक्रियकषट्क. एकेन्द्रिय, २ विकलजाति (अपनी जाति छोड़ कर बाकी २) आहारकद्विक, आदिके ५ संस्थान, आदिके ५ संहनन, मनुष्यद्विक, प्रशस्तविहायोगति, स्थावर, सूक्ष्म सुस्वर, तीर्थंकर, उच्चगोत्र, पचेन्द्रिय, साधारण, आतप, सुभग, आदेय ये ४१ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं।

६६—पंचेन्द्रियमें साधारण, एकेन्द्रिय, विकलत्रिक, आतप, स्थावर, सूक्ष्म ये ८ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

६७—पृथ्वीकायमें एकेन्द्रियकी उदयायोग्य ४२ व साधारण ये ४३ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं।

६८—जलकायमें एकेन्द्रियकी उदयायोग्य ४२, साधारण व आतप ये ४४ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं।

६९—अग्निकाय व वायुकायमें एकेन्द्रियकी उदयायोग्य ४२ साधारण, आतप, उद्योत ये ४५ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं।

७०—वनस्पतिकायमें एकेन्द्रियकी उदययोग्य ४२ व आतप ये ४३ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

७१—त्रसकायमें स्थावर, सूक्ष्म, साधारण, एकेन्द्रिय, आतप ये ५ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं। (ओघं तसे ण थावरदुग साहरणेय ताव)

७२–सत्य असत्य उभय अनुभय मनोयोगमें सत्य असत्य उभय वचनयोगमें आतप, एकेन्द्रिय, विकलत्रिक, स्थावरचतुष्क, आनुपूर्व्यचतुष्क ये १३ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं। (मणवयणसत्तगे ण हि ताविलगविगलं च थावराणुचऊ)

७३—अनुभयवचनयोगमें आतप, एकेन्द्रिय, स्थावरचतुष्क, आनुपूर्व्य चतुष्क ये १० प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं। (अणुभयवचि वियलजुदा)

७४—औदारिककाययोगमें देवायु, नरकायु, आहारकदिक, वैक्रियकषट्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी व अपर्याप्त ये १३ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं। (ओघमुरालेण हारदेवाऊ। वेगुव्वछक्कणरतिरियाणु अपज्जत्त णिरयाऊ)

७५–औदारिकमिश्रकाययोगमें देवायु, नरकायु, आहारकदिक, वैक्रियकषट्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्यानत्रिक, स्वरदिक, गमनदिक, परघातचतुष्क ये २४ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं। (तम्मिस्से पुण्णजुदा ण मिस्स थीणतियसरविहायदुग, परघातचओ)

७६—औदारिक मिश्रकाययोगीके चतुर्थ गुणस्थानमें अनादेयदिक, दुर्भग, नपुंसकवेद, स्त्रीवेद इनका उदय सम्भव नहीं, अतः ये ५ प्रकृतियां सासादनमें ही उदयव्युच्छिन्न हो जाती हैं। (अयदे, णादेज्जदुदुब्भगं ण षंडित्थी)

७७—वैक्रियक काययोगमें स्थावरदिक, तिर्यग्दिक, आतपदिक, एकेन्द्रिय, विकलत्रिक, साधारण, मनुष्यायु, तिर्यगायु, मनुष्यदिक, देवगत्यानुपूर्वी, नरकगत्यानुपूर्वी, स्त्यानत्रिक, तीर्थंकर, अपर्याप्ति, सहनन ६, आहारकदिक, औदारिकदिक, बीचके ४ संस्थान ये ३६ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य

हैं। (देवोघं वा वेगुव्वे, ण सुराणू पक्खिवेज्ज णिरियाऊ, णिरयगदिहुंडषंढे दुग्गदि दुब्भगचओ णीचं)

७८— वैक्रियकमिश्रकाययोगमें वैक्रियकाययोगकी उदयायोग्य ३६ व सम्यग्मिथ्यात्व, परघातद्विक, स्वरद्विक, गमनद्विक ये ४३ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं। (वेगुव्वं वा मिस्से, ण मिस्स परघादसरविहायदुगं)

७९—चूंकि सासादन गुणस्थानमें मर कर जीव नरकगतिमें नहीं जाता, अत: वैक्रियकमिश्रकाययोगीके सासादनमें हुण्डक सस्थान, नपुंसकवेद दुर्भग, अनादेय, अयश:कीर्ति, नरकगति, नरकायु, नीचगोत्र इन ८ का भी अनुदय है. असंयतमें फिर इनका उदय हो जाता है। (साणे ण हुडषंढं, दुब्भगणादेज्जअज्जसयं)

८०—आहारक काययोगमें १ से ५ तक गुणस्थानकी उदयव्युच्छिन्न ४०, तीर्थंकर, स्त्यानत्रिक, नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, अप्रशस्तविहायोगति, दु:-स्वर, संस्थान ६, औदारिकद्विक, अन्तके ५ संस्थान, ये ६१ प्रकृतियाँ उदय के अयोग्य हैं। (छट्ठगुणं वाहारे ण थीणतियषंढथीवेदं दुग्गदिदुस्सरसंहादि ओरालदु चरिमपंचसंठाणं)

८१—आहारकमिश्रकाययोगमें आहारककाययोगकी उदयायोग्य ६१, सुस्वर, परघातद्विक, प्रशस्तविहायोगति ये ६५ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं। (ते तम्मिस्से सुस्सर परघाददुसत्थगदिहीणा)

८२—कार्माणकाययोगमें स्वरद्विक, गमनद्विक, प्रत्येकद्विक, आहारक द्विक, औदारिकद्विक, सम्यग्मिथ्यात्व, उपघातपंचक, वैक्रियकद्विक, स्त्यान-त्रिक, सस्थान ६, संहनन ६ ये ३३ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं। (ओघं कम्मे सरगदिपत्तेयाहारुराल दुग मिस्सं। उवघादपणविगुव्वदु थीणति सठा-णसंहदी णत्थि)

८३–पुरुषवेदमें स्थावरचतुष्क, नरकद्विक, तीर्थंकर, एकेन्द्रिय, विकल-त्रिक, वेदद्विक, आतप, नरकायु, ये १५ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं। (मूलोघ पुंवेदे थावरचउणिरयजुगलतित्थयरं। इगिविगलं थीषंढं तावंणि-

ग्याउगं णत्थि)

८४–स्त्रीवेदमें स्थावरचतुष्क, नरकद्विक तीर्थङ्कर, एकेन्द्रिय, विकलत्रिक, पुरुषवेद, नपुंसकवेद, आतप, नरकायु,आहारकद्विक ये १७ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं। (इत्थीवेदेवि तहाहारदुपुरिसूण मित्थिसंजुत्त')

८५—नपुंसकवेदमें देवद्विक, आहारकद्विक, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, देवायु तीर्थङ्कर ये ८ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं। (ओघं षढे सुरहारदुथीपुंसुरा-उतित्थयरं)

८६—अपगतवेदमें ८ गुणस्थानकी उदयव्युच्छिन्न ५५ व तीन वेद ये ५८ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

८७—क्रोधमें तीर्थङ्कर, मान ४, माया ४,लोभ ४, ये १३ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

८८—अनन्तानुबन्धी रहित क्रोधी मिथ्यात्वमें एकेन्द्रिय, विकलत्रय, आतप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्ति, साधारण–२, आनुपूर्वी ४, आहारकद्विक, तीर्थङ्कर, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्प्रकृति, अनन्तानुबन्धी ४, अप्रत्याख्यानावरण ३, प्रत्याख्यानावरण ३, संज्वलन ३ ये ३१ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं।

८९—अनन्तानुबन्धी क्रोधमें तीर्थङ्कर, आहारकद्विक, मिश्रप्रकृति, सम्यक्प्रकृति, मान ४, माया ४, लोभ ४ ये १७ प्रकृतिया उदयके अयोग्य है।

९०–अनन्तानुबन्धी विसंयोजित क्रोधमें तीर्थङ्कर, अनन्तानुबन्धी ४, अप्रत्याख्यानावरण मान माया लोभ, प्रत्याख्यानावरण मान माया लोभ, संज्वलन मान माया लोभ, आनुपूर्वी ४,आतप, सूक्ष्म अपर्याप्ति, साधारण, एकेन्द्रिय, स्थावर, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, ये २७ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

९१—अनादेयरहित अप्रत्याख्यानावरण क्रोधमें प्रथम द्वितीय गुणस्थानकी उदयव्युच्छिन्न १४, तीर्थङ्कर, आहारकद्विक, अप्रत्याख्यानावरण

मान माया लोभ, प्रत्याख्यानावरण मान माया लोभ संज्वलन मान माया लोभ ये २६ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं।

९२—अन० व अप्रत्या० रहित प्रत्याख्यानावरण क्रोधमें प्रथम ४, गुणस्थानोंकी उदयव्युच्छिन्न ३२ तीर्थङ्कर, आहारकद्विक, प्रत्याख्यानावरण मान माया लोभ, संज्वलन मान माया लोभ, ये ४१ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं।

९३—अन० अप्रत्या० प्रत्या० रहित संज्वलन क्रोधमें प्रथम ५ गुणस्थानोंकी उदयव्युच्छिन्न, ४०, तीर्थंकर संज्वलन मान, माया, लोभ ये ४४ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

९४–अकषायमें प्रथम १० गुणस्थानोंकी उदयव्युच्छिन्न ६२ प्रकृतिया उदयके अयोग्य हैं।

९५—कुमतिज्ञान व कुश्रुतज्ञानमें तीर्थंकर, आहारकद्विक, मिश्र व सम्यक्प्रकृति ये ५ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं।

९६—कुअवधिज्ञानमें सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्प्रकृति,तीर्थंकर, आहारकद्विक, आतप, एकेन्द्रिय, विकलत्रिक, स्थावरचतुष्क, आनुपूर्वी ४ ये १८ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं। (वेभगेवि ण ताविगिविगलिंदी थावराणुचऊ)

९७—मिश्रमति व मिश्रश्रुत ज्ञान व मिश्र अवधिज्ञानमें प्रथमद्वितीयगुणस्थानव्युच्छिन्न १४, आनुपूर्वी ४, तीर्थंकर, आहारकद्विक, सम्यक्प्रकृति ये २२ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

९८–मतिज्ञान, श्रुतज्ञान व अवधिज्ञानमें प्रथमद्वितीयतृतीयगुणस्थानव्युच्छिन्न १५ व तीर्थंकर ये १६ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं।

९९—मनःपर्ययज्ञानमें प्रथम ५ गुणस्थानोंकी उदयव्युच्छिन्न ४०, नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, तीर्थंकर, आहारकद्विक ये ४५ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं। (मणपज्जयपरिहारे णवरिण षंढित्थि हारदुगं)

१००—केवलज्ञानमें १२ तकके गुणस्थानोंकी उदयव्युच्छिन्न ८० प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

१०१—सामायिक व छेदोपस्थापनामें ५ गुणस्थानतककी उदयव्युच्छिन्न ४० व तीर्थंकर ये ४१ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

१०२—परिहार विशुद्धिमें ५ गुणस्थान तककी उदयव्युच्छिन्न ४०, आहारकद्विक, तीर्थंकर, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद ये ४५ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

१०३—सूक्ष्म साम्परायमें ९ गुणस्थान तककी उदयव्युच्छिन्न ६१ व तीर्थंकर ये ६२ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

१०४—यथाख्यात चारित्रमें १० गुणस्थान तककी उदयव्युच्छिन्न ६२ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

१०५—चक्षुर्दर्शनमें साधारण, आतप, एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, स्थावर, सूक्ष्म, तीर्थंकर, ये ८ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं।

१०६—अचक्षुर्दर्शनमें तीर्थंकर प्रकृति १ उदयके अयोग्य है।

१०७—अवधिदर्शनमें प्रथमद्वितीयतृतीयगुणस्थान व्युच्छिन्न १५ व तीर्थंकर प्रकृति ये १६ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं।

१०८—कृष्ण व नीललेश्यामें तीर्थंकर, आहारकद्विक ये ३ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

१०९—कृष्ण व नील लेश्यामें मिथ्यात्व गुणस्थानमें नरकगत्यानुपूर्वीकी भी उदयव्युच्छित्ति हो जाती है एव सासादनगुणस्थानमें दवायु, देवद्विक, तिर्यंग्गत्यानुपूर्वी इन ४ प्रकृतियोंका भी उदयव्युच्छित्ति हो जाती है।

११०—कपोतलेश्यामें तीर्थंकर आहारकद्विक ये ३ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

१११—पीत व पद्मलेश्यामें आतप, एकेन्द्रिय, विकलत्रिक, स्थावरचतुष्क, नरकद्विक, नरकायु, तिर्यंग्गत्यानुपूर्वी, तीर्थंकर ये १४ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं।

११२—शुक्ललेश्याम आतप, एकेन्द्रिय, विकलत्रिक, स्थावरचतुष्क,

नरकद्विक, नरकायु, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी ये १३ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं। (णादाविगिविगलथावरचउक्क। णिरयदुतदाउ तिरियाणुगण)

११३—शुक्ललेश्यामें मनुष्यगत्यानुपूर्वीका प्रथम द्वितीय गुणस्थानमें अनुदय है, असयत गुणस्थानमे उदय हो जाता है। (मिश्र गुणस्थानमें तो आनुपूर्वीका उदय होता ही नहीं)

११४—अभव्यमें तीर्थंकर पञ्चक उदयके अयोग्य हैं।

११५—उपशमसम्यक्त्वमें प्रथमद्वितीयतृतीय गुणस्थानकी उदयव्युच्छिन्न १५, तीर्थंकर, आहारकद्विक, सम्यक्प्रकृति, नरकगत्यानुपूर्वी, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी, मनुष्यगत्यानुपूर्वी ये २२ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

११६—क्षायोपशमिकसम्यक्त्वमें तीन गुणस्थानकी उदय-व्युच्छिन्न १५, तीर्थंकर प्रकृति ये ६६ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

११७—क्षायिकसम्यक्त्वमे ३ गुणस्थानकी उदयव्युच्छिन्न १५ व सम्यक्प्रकृति ये १६ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं।

११८—क्षायिकसम्यक्त्वके असयत गुणस्थानमें तिर्यगायु, उद्योत व तिर्यग्गति इन ३ की भी उदयव्युच्छित्ति हो जाती है, क्योंकि क्षाक्षिक सम्यग्दृष्टि तिर्यञ्च भोगभूमिज ही हो सकता है, जिसने कि पूर्व कर्मभूमिज मनुष्यभवमें क्षायिकसम्यक्त्व उत्पन्न करनेसे पहिले तिर्यग् यु का बन्ध कर लिया था और किसी भी भोगभूमिज जीवके देशविरत गुणस्थान होता नहीं है।

११९—संज्ञीमें आतप, साधारण, स्थावर, सूक्ष्म, एकेन्द्रिय, विकलत्रिक, तीर्थंकर ये ९ प्रकृतियां उदयके अयोग्य हैं। (सण्णिस्स वि णत्थि ताव साहरणं। थावरसहुमिगिविगलं)

१२०—असज्ञीमें मनुष्यद्विक, उच्चगोत्र, वैक्रियकषट्क, आदिके ५ संस्थान, आदिके ५ संहनन, प्रशस्तविहायोगति, सुभगत्रिक, नरकायु, देवायु मनुष्यायु, तीर्थपञ्चक ये ३१ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं। (असण्णिणो-विय ण मणुदुच्च। वेगुव्वछ पणसंहदिसंठाण सुगमणसुभगआउतियं)

१२१—आहारकमें आनुपूर्वी ४ उदयके अयोग्य हैं। (आहारे सगुणोघ णवरि ण सव्वाणुपुव्वीओ)

१२२—अनाहारकमें कार्माणकाययोगवत् ३३ प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं। (कम्मेव अणहारे)

१२३—तीर्थङ्कर प्रकृतिकी सत्तावाले जीवके सासादन व मिश्रगुणस्थान नहीं हो सकता है।

१२४—आहारकद्विककी सत्तावाले जीवके सासादन गुणस्थान नहीं हो सकता।

१२५—देवायु छोड़कर अन्य किसी भी आयुका बन्ध हो गया हो तो वह जीव अणुव्रत व महाव्रत धारण नहीं कर सकता। (अणुवदमहव्वदाइं ण लहइ देवाउगं मोत्तु)

१२६—अनन्तानुबन्धी क्रोध मान माया लोभ, मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्प्रकृति इन सात सात सम्यक्त्वघातक प्रकृतियों का चौथे, पाँचवे, छटवें, सातवें गुणस्थानमें किसीमें भी उपशम व क्षय हो सकता है, उपशम श्रेणि वालोंके लिए दोनों सम्भव है, क्षपक श्रेणी वालोंके लिये क्षय ही है।

१२७—नरकायुका सत्त्व होनेपर देशव्रत, नरकायु, तिर्यंगायुका सत्त्व होने पर महाव्रत तथा नरकायु तिर्यंगायु देवायुका सत्त्व होने पर क्षपक श्रेणी नहीं होती। (णिरयतिरिक्ख मुराउगसत्ते ण हि देससयलवदखवगा)

१२८—नरकगतिमें देवायु सत्त्वके अयोग्य है। (णेरइये ण सुराऊ)

१२९—तीसरे नरकतक ही तीर्थंकर प्रकृतिका सत्त्व सम्भव है सो चौथे पाँचवें छठे नरकमें देवायु तीर्थंकर ये २ प्रकृतियाँ सत्त्वके अयोग्य हैं। (तित्थमत्थि तदियोत्ति)

१३०—छठे नरकतक ही मनुष्यायुका सत्त्व (बन्ध) सम्भव है सो सातवें नरकमें देवायु, तीर्थंकर, मनुष्यायु ये तीन प्रकृतियाँ सत्त्वके अयोग्य हैं। (छट्ठित्ति मणुस्साऊ)

१३१—तिर्यग्गतिमें तीर्थंकर प्रकृतिका सत्त्व असम्भव है। (तिरिये ण तित्थ सत्तं)

१३२—लब्धपर्याप्ति तिर्यञ्च व मनुष्योंमें नरकायु, देवायु व तीर्थंकर ये तीन प्रकृतियाँ सत्त्वके अयोग्य हैं। (पुण्णिदरे णत्थि णिरयदेवाऊ)

१३३—देवगतिमें नरकायु सत्त्वके अयोग्य है। (देवे णहि णिरयाऊ)

१३४—बारहवें स्वर्गसे ऊपरके देवोंमें नरकायु, तिर्यञ्चायु ये दोनों सत्त्वके अयोग्य हैं। (सारोत्ति होदि तिरियाऊ)

१३५—भवनत्रिकमें तथा कल्पवासिनी देवियोंमें नरकायु, तीर्थंकर ये २ प्रकृतियां सत्त्वके अयोग्य हैं। (भवणतियकप्पवासिय इत्थीसु ण तित्थयरसत्तं)

१३६—एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पृथ्वीकाय, जलकाय, वनस्पतिकायमें नरकायु, देवायु, तीर्थंकर ये ३ प्रकृतियां सत्त्वके अयोग्य हैं

१३७—अग्निकाय व वायुकायमें नरकायु, देवायु, मनुष्यायु व तीर्थंकर ये ४ प्रकृतियां सत्त्वके अयोग्य हैं।

१३८—चारों गतिके संक्लिष्ट मिथ्यादृष्टि स्वस्थानी जो कि उद्वेलना करेंगे उनमें तीर्थंकर, नरकायु, देवायु ये तीन प्रकृतियाँ सत्त्वके अयोग्य हैं और ये आहारकद्विक, सम्यक्प्रकृति मिश्रप्रकृतिकी उद्वेलना कर सकेंगे।

१३९—एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पृथ्वीकाय, जलकाय वनस्पतिकाय उत्पन्नस्थानी मिथ्यादृष्टिमें तीर्थंकर, नरकायु, देवायु ये तीन प्रकृतियाँ सत्त्वके अयोग्य हैं और ये जीव आहारकद्विक, सम्यक्प्रकृति, मिश्रप्रकृति, देवद्विक, नारकचतुष्ककी उद्वेलना करेंगे। तथा ये ही सब स्वस्थानी उच्चगोत्र व मनुष्यद्विककी भी उद्वेलना करेंगे।

१४०—अग्निकाय, वायुकाय, उत्पन्नस्थानी मिथ्यादृष्टिमें तीर्थंकर, नरकायु, मनुष्यायु, देवायु ये ४ प्रकृतियाँ सत्त्वके अयोग्य हैं और ये आहारकद्विक, सम्यक्प्रकृति, मिश्रप्रकृति, देवद्विक, नारकचतुष्ककी उद्वेलना करेंगे। तथा ये ही स्वस्थानी उच्चगोत्र व मनुष्यद्विककी भी उद्वेलना करेंगे।

१४१—आहारकद्विक, सम्यक्प्रकृति, मिश्रप्रकृति, देवद्विक, नारकचतुष्क उच्चगोत्र, मनुष्यद्विक ये १३ उद्वेलन प्रकृतियां हैं अर्थात् ये जैसे बन्धी थी वैसे ही उकलकर अन्यरूप परिणम कर दूर हो जाती हैं।

१४२—पूर्वपर्यायमें बिना उद्वेलनाके जिनका सत्त्व था उन सहित उत्तर पर्यायमें उत्पन्न होनेपर उत्तर पर्यायमें उस सत्त्वको उत्पन्नस्थानसद्भव कहते हैं।

१४३—विवक्षित पर्यायमें बिना उद्वेलना किये व उद्वेलनासे जो सत्त्व हो उसे स्थानसत्त्व कहते हैं।

१४४—औदारिकमिश्रकाययोगमें देवायु व नरकायु सत्त्वके अयोग्य हैं। (ओरालमिस्स जोगे ओघ सुरणिरय अउगं णत्थि)

१४५—वैक्रियक मिश्रकाययोगमें मनुष्यायु व तिर्यञ्चायु सत्त्वके अयोग्य हैं। (वेगुव्वियमिस्से विय णवरि माणुसतिरिक्खाऊ)

१४६—आहारककाययोग व आहारकमिश्रकाययोगमें नरकायु व तिर्यञ्चायु सत्त्वके अयोग्य हैं।

१४७—नपुंसकवेदी, स्त्रीवेदी क्षपकश्रेणी वालेके तीर्थंकर प्रकृतिका भी सत्त्व नहीं हैं। (षढथीखवगे ण तित्थयरसत्तं)

१४८—अनन्तानुबन्धी रहित मिथ्यादृष्टिमें तीर्थंकर, अनन्तानुबन्धी ४ ये ५ प्रकृतियां सत्त्वके अयोग्य हैं।

१४९—कृष्णलेश्या व नीललेश्यामें मिथ्यादृष्टिके तीर्थंकर प्रकृतिका सत्त्व नहीं हैं। (किण्हदुगे ण तित्थयरसत्त)

१५०—पीत, पद्म शुक्ललेश्यामें मिथ्यादृष्टिके तीर्थंकर प्रकृतिका सत्त्व नहीं हैं। (सुहतिलेस्सिय वामेवि ण तित्थयर सत्तं)

१५१—अभव्यमें तीर्थंकर, सम्यक्प्रकृति, सम्यग्मिथ्यात्व, आहारकचतुष्क, ये ७ प्रकृतियां सत्त्वके अयोग्य हैं। (अभव्वसिद्धे णत्थि हु सत्तं तित्थयरसम्ममिस्साणं, आहारचउक्कस्सवि)

१५२—असंज्ञी जीवमें तीर्थंकर प्रकृति सत्त्वके अयोग्य है। (असण्णिजीवे ण तित्थयरं)

गुणस्थान व मार्गणाओं
में
कर्म प्रकृतियोंके
बन्ध, उदय व (सत्त्व) के
विवरण में
उपयोगी नक्शे

(१) सामान्य बन्धत्रिभंगी, बन्धयोग १२०

गुण.	बन्ध.	नि.बं.	अबन्ध	बंधव्यु.	विशेष विवरण
१	११७	❀	३क	१६	क-तीर्थंकर, आहारकद्विक
२	१०१	१६	३	२५	ख-तीर्थंकर, आहारकद्विक मनुष्यायु, देवायु
३	७४	४१	५ख	०	
४	७७	४१	२ग	१०	ग-आहारकद्विक
५	६७	५१	२	४	घ-आहारकद्विक सम्मिलित
६	६३	५५	२	६	
७	५९घ	६१	•	१	
८	५८	६२	०	३६	
९	२२	९८	०	५	
१०	१७	१०३	०	१६	
११	१	११९	०	०	
१२	१	११९	०	०	
१३	१	११९	०	१	
१४	०	१२०	•	×	

(२) सामान्य नरकगति व धम्मा वंशा मेघा पर्याप्तमें बन्ध योग्य १०१ (नियम ४)

गुण.	बन्ध	नि.बं.	अबंध	बधव्यु.	विशेष विवरण
१	१००	❀	१क	४ख	क-तीर्थंकर
२	९६	४	१	२५	ख-मिथ्यात्वव्युच्छिन्नआदिम
३	७०	२९	२ग	०	ग-तीर्थंकर, मनुष्यायु
४	७२घ	२९	०	❀(१०)	घ-तीर्थ, मनुष्यायु सम्मिलित

(३) धम्मा पृथ्वी (प्रथम नरक) में अपर्याप्तमें बन्ध योग्य ९९ (नि ३ व ४) क

गुण.	बन्ध	निर्बंध	अबन्ध	बधव्यु.	विशेष विवरण
१	९८	❀	१ख	२८ग	क-मनु तिर्यञ्चायु भी बधायोग्य
४	७१	२८	०	❀(९)	ख-तीर्थंकर ग-(४+२४+०)

(४) दूसरे नरकसे छठे नरक तकके अपर्याप्तमें बन्ध योग्य ९८ (नियम ३, ४, ६)

गुण.	बन्ध	नि बं.	अबन्ध	बधव्यु
१	९८	❋	०	❋

(५) अञ्जना, अरिष्टा, मघवी (चोथेसे छटे नरक तक)में बन्धयोग्य १०० (नियम ४ व ६)

गुण.	बन्ध	नि. बं.	अबन्ध	बधव्यु	विशेष विवरण
१	१००	❋	०	क४	क-मिथ्यात्वव्युच्छिन्न आदिम ४
२	९६	४	०	२५	
३	७०	२९	१ख	०	ख–मनुष्यायु
४	७१	२९	०	❋ १०	

(६) माघवी (सातवें नरक) में बन्धयोग्य ९९ (नियम ४, ६, ८)

गुण.	बन्ध	नि ब.	अबन्ध	बधव्यु.	विशेष विवरण
१	९६	❋	३क	५ख	क-मनुष्यद्विक, उच्चगोत्र
२	९१	५	३	४ग	ख-आदिम ४ व तिर्यंगायु
३	७०	२९	०	०	ग-तिर्यंगायुकी मिथ्यात्वमें
४	७०	२९	०	❋(९)	बन्धव्युच्छित्ति हो गई

(७) माघवी अपर्याप्तमें बन्धयोग्य ९५ (नियम ४, ६, ८, ९)

गुण.	बन्ध	नि.बं	अबन्ध	बंधव्यु.	विशेष विवरण
१	९५	❋	०	❋	

(८) तिर्यञ्चगतिमें अथवा सामान्य, पञ्चेन्द्रिय, पर्याप्त, योनिमती तिर्यञ्चमें बन्धयोग्य ११७ (नियम १०)

गुण.	बन्ध	नि ब.	अबंध	बंधव्यु.	विशेष विवरण
१	११७	*	०	१६	क-सासनव्यु. २५, असंयतव्यु-
२	१०१	१६	०	३१क	च्छिन्न अन्तिम ६ (नियम १२)
३	६९	४७	१ख	०	ख-देवायु
४	७०ग	४७	०	४घ	ग-देवायु सहित
५	६६	५१	०	*(४)	घ-अप्रत्याख्यान वरण ४

(९) सामान्य, पंचेन्द्रिय, पर्याप्त, योनिमती तिर्यंच निर्वृत्यपर्याप्तमें बन्धयोग्य १११ (नियम ११)

गुण.	बन्ध	नि.वृ.	अबंध	बंधव्यु	विशेष विवरण
१	१०७	*	४क	१३ख	क-देवचतुष्क
२	९४	१३	४	२९ग	ख-नरकद्विक नरकायुबंधायोग्य
४	६९	४२	०	* ४)	ग-तिर्यंगायु मनुष्यायुबंध योग्य

(१०) लब्धपर्याप्त तिर्यञ्चमें बन्धयोग्य १०९ (नियम १३)

गुण	बन्ध	नि दं	अबध	बधव्यु.	विशेष विवरण
१	१०९	*	०	*	

(१२) निर्वृत्यपर्याप्त-सामान्य, पर्याप्त, मानुषी मनुष्यमें बन्धयोग्य ११२ (नियम १४)

गुण.	बन्ध	नि ब	अबन्ध	बधव्यु.	विशेष विवरण
१	१०७	*	५क	१३ख	क-देवचतुष्क, तीर्थङ्कर ।
२	९४	१३	५	२९ग	ख-नरकद्विक, नरकायुबंधायोग्य
४	७०	४२	०	८घ	ग-नरतिर्यंगायु बंधायोग्य ।
६	६२	५०	०	६१च	घ अप्र. प्र. । च. ६+०+३४
१३	१	१११	०	(१)	+५+१६=६१

(११) मनुष्यगतिमें बन्धयोग्य १२०

गुण.	बन्ध	नि.ब.	अबन्ध	बंधव्यु.	विशेष विवरण
१	११७	*	३क	१६	क-तीर्थङ्कर, आहारकद्विक ।
२	१०१	१६	३	३१घ	
३	६९	४७	४ग	०	ख-सासनव्युच्छिन्न २५ व अयत
४	७१	४२	२	४घ	व्युच्छिन्न अन्तिम ६ ।
५	६७	५१	२	४	ग-तीर्थङ्कर, आहारकद्विक,
६	६३	५५	२	६	देवायु ।
७	५९च	६१	०	१	घ-अप्रत्याख्यानावरण ४
८	५८	६२	०	३६	च-आहारकद्विक सम्मिलित
९	२२	९८	०	५	
१०	१७	१०३	०	१६	
११	१	११९	०	०	
१२	१	११९	०	०	
१३	१	११९	०	१	
१४	०	१२०	०	*	

(१३) लब्धयपर्याप्त मनुष्यमें बन्धयोग्य १०९ (नियम १३)

गुण.	बन्ध	नि बं.	अबन्ध	बंधव्यु
१	१०९	*	०	*

(१४) भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी देव देवियों में व कल्पवासिनी देवियोंमें बन्धयोग्य १०३ (नियम १५ १६)

गुण	बन्ध	निवृ.	अबंध	बंधव्यु	विशेष विवरण
१	१०३	*	०	७क	क-आदिम ७, शेष बंधायोग्य ।
२	९६	७	०	२५	
३	७०	३२	१ख	०	ख-मनुष्यायु
४	७१	३२	०	*(१०)	

(१५) देवगति सामान्य व सौधर्म ऐशान स्वर्गके देवोंमें बन्धयोग्य १०४ (नियम १५)

गुण.	बन्ध	निवृ.	अबंध	बंधव्यु	विशेष विवरण
१	१०३	❋	१क	७ख	क–तीर्थङ्कर
२	९६	७	१	२५	ख–आदिम ७
३	७०	३२	२ग	०	ग–तीर्थङ्कर, मनुष्यायु ।
४	७२	३२	०	❋(१०)	

(१६) निर्वृत्यपर्याप्त भवनत्रिकोंमें व कल्पवासिनी देवियोंमें बन्धयोग्य १०१ (नियम १५, १६, १७)

गुण.	बन्ध.	निवृ.	अबध	बंधव्यु.	विशेष विवरण
१	१०१	❋	०	७क	क–आदिम ७
२	९४	७	०	२४ख	ख–तिर्यगायु बन्धायोग्य ।

(१७) निर्वृत्यपर्याप्त सौधर्म ऐशान स्वर्गके देवोंमें बन्धयोग्य १०२ (नियम १५, २०)

गुण.	बन्ध	निवृ.	अबंध	बंधव्यु.	विशेष विवरण
१	१०१	❋	१क	१७ख	क तीर्थङ्कर बन्धयोग्य
२	९४	४७	१	२४ग	ख–आदिम ७ ।
४	७१	३१	•	❋(९)	ग–तिर्यगायु बन्धायोग्य

(१८) सानत्कुमारसे सहस्रार (३ से १२ स्वर्ग) तकके देवोंमें बन्धयोग्य १०१ (नियम १५, १८)

गुण.	बन्ध	निवृ.	अबध	बंधव्यु.	विशेष विवरण
१	१००	❋	१क	४ख	क–ग–तीर्थंकर । ख–आदिम ४
२	९६	४	१	२५	ग–तीर्थंकर, मनुष्यायु ।
३	७०	२९	२ग	०	
४	७२	२९	०	❋(१०)	

(१९) सानत्कुमारसे सहस्रार स्वर्ग तकके निर्वृत्यपर्याप्त देवोंमें बन्ध योग्य ९९ (नियम १५, १८, २०)

गुण.	बन्ध	निवृ.	अबंध	बंचव्यु	विशेष विवरण
१	९८	❋	१क	४ख	क-तीर्थंकर
२	९४	४	१	२४ग	ख-आदिम ४।
४	७१	२८	०	❋ ९)	ग-तिर्यगायु बंधायोग्य

(२०) अन्तिम ४ स्वर्गके व नवग्रैवेयक देवोंमें बन्ध योग्य ९७ (नि० १५, १८, १९)

गुण	बन्ध	निवृ	अबन्ध	बधव्यु.	विशेष विवरण
१	९६	❋	१क	४	क-तीर्थंकर
२	९२	४	१	२१ख	ख-शतारचतुष्क बन्धायोग्य।
३	७०	२५	२ग	०	ग-तीर्थंकर मनुष्यायु।
४	७२	२५	०	❋(१०)	

(२१) निवृत्यपर्याप्त आनतादि ४ स्वर्ग व नवग्रैवेयकमें बन्धयोग ९६ (नियम १५, १८, १९, २१)

गुण०	बन्ध.	निवृ	अबंध	बधव्यु	विशेष विवरण
१	९५	❋	१क	४ख	क-तीर्थंकर
२	९१	४	१	२१ग	ख-आदिम ४
४	७१	२५	०	❋(९)	ग-शतारचतुष्क बन्धयोग्य

(२२) अनुदिश व अनुत्तर विमानवासी देवोंमें बन्धयोग्य ७२ (नियम २०)

गुण.	बन्ध	निवृ	अबन्ध	बधव्यु.	
४	७२	❋	०	❋(१०,	

(२३) अनुदिश अनुत्तर निर्वृत्यपर्याप्तमें बन्धयोग्य ७१ (नियम २१)

गुण.	बन्ध	निवृ	अबन्ध	बंधव्यु
४	७१	❋	०	❋

(२४) एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रियमें बन्धयोग्य १०९ (नियम २३)

गुण.	बन्ध	निवृ	अबन्ध	बधव्यु	विशेष विवरण
१	१०९	❋	०	१५क	क-नरकद्विक, नरकायु बधयोग्य होने से १३ रहे व मनुष्यायु व तिर्यगायु यहीं व्युच्छिन्न होनेसे २ बढ़ी। ख-दूसरा गुणस्थान निर्वृत्यपर्याप्तमें ही संभव है।
२ख	९४	१५	०	❋(२९ख)	

(२५) पञ्चेन्द्रियमें सामान्य बन्धत्रिभंगीके समान रचना (देखिये नक्शा नं० १)

(२६) एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय निवृत्यपर्याप्तमें बन्ध योग्य १०७ (नियम ३)

गुण	बन्ध	निवृ.	अबंध	बधव्यु	विशेष विवरण
१	१०७	❋	०	१३क	क-नरकद्विक नरकायुबधायोग्य
२	९४	१३	०	❋(२९ख)	ख-नरतिर्यगायु बधायोग्य।

(२७) पञ्चेन्द्रिय निर्वृत्यपर्याप्तमें बन्ध योग्य ११२ क

गुण.	बन्ध	निवृ.	अबंध	बंधव्यु.	
१	१०७	❋	५ख	१३ग	क-आयु४, आहारकद्विक, नरकद्वि-
२	९४	१३	५	२४घ	क बंधयोग्य ख-देवचतुष्कतीर्थंकर
४	७५	३७	०	१३च	ग-नरकद्विक नरकायु बधायोग्य
६	६२	५०	०	६१छ	घ-तिर्यगायु बध योग्य च-मनुष्यायु
१३	१	१११	०	१	धायोग्य अतः ९+४=१३ छ- ६+०+३४+५+१६=६१

(२८) एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय पञ्चेन्द्रिय लब्ध-पर्याप्तमें बन्धयोग्य १०९ गुणस्थान १ (नियम १३)

(२९) पृथ्वी, जल, वनस्पति कायमें एकेन्द्रियकी तरह बन्ध रचना (देखिये नक्शा नं० २४)

(३०) अग्निकाय, वायुकायमें बन्धयोग्य (नियम २३, २५) गुण-स्थान १

(३१) त्रसकायमें सामान्य बन्धत्रिभंगी की तरह रचना।

(३२) निर्वृत्यपर्याप्त त्रसकायमें निर्वृत्यपर्याप्त पञ्चेन्द्रिय की तरह बन्ध रचना (देखिये नक्शा नं० २७)

(३३) सत्य अनुभव मनोयोग व सत्य अनुभय बचनयोगमें सामान्य बन्धत्रिभंगी तरह बन्ध रचना, गुणस्थान १ से १३ तक

(३४) असत्य उभय मनोयोग व असत्य उभय वचन योगमें सामान्य बन्धत्रिभंगीवत् रचना गुणस्थान १ से १२ तक

(३५) औदारिक काययोगमें मनुष्यगतिवत् बन्धरचना गुणस्थान १ से १३

(३६) औदारिक मिश्रकाययोगमें बन्धयोग्य ११४ (नियम ९६)

गुण.	बन्ध	निवृ.	अबन्ध	बध्व्यु	विशेष विवरण
१	१०९	*	५क	१५ख	क-देवचतुष्क, ती.१ ख-नरकद्विक,
२	९४	१५	५	२९ग	नरकायुबधायोग्य, नरतिर्यगायुबढ़ी
४	७०	४४	०	६९घ	ग-नरतिर्यगायु मि व्यु. घ ४+४
१३	१	११३	०	*(१)	+६+०+३४+५+१६=६९

(३७) वैक्रियककाययोगमें देवगति सामान्यकी तरह बन्ध रचना (देखिये नक्शा नं० १५)

